राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 250
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
बुधवार 23 मार्च 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट

पेज 3 थाना सेक्टर 58 पुलिस ने मुठभेड़ के उपरांत 25,000 रूपये के इनामी गोमांस तस्कर को किया गिरफ्तार

पेज 5 किशोरी को कमरे में बंद कर चार युवकों ने रातभर किया रेप, पुलिस बोली-प्रेम प्रपंच का मामला है

पेज 7 यूक्रेनी शरणार्थियों के लिए अपना मेडल बेचेंगे रूस के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता, पुतिन ने दी थी धमकी

# बंगाल में खूनी संघर्ष

## बीरभूम में दर्जनों घरों में आगजनी, 8 लोग जिंदा जले





कोलकाता। बंगाल के बीरभूम में तृणमूल नेता की हत्या के बाद भड़की हिंसा में 8 लोगों की जान चली गई। बागुती गांव में टीएमसी नेता भादू शेख के मर्डर के बाद गुस्साए लोगों ने दर्जनों घरों में आग लगा दी। जिसमें 10 लोग जिंदा जल गए। पुलिस को एक ही घर से 7 लाशें मिली हैं। वहीं हिंसा के बाद राज्य के गवर्नर और मुख्यमंत्री के बीच तल्ख बयानबाजी शुरू हो गई है।

पुलिस ने बताया कि भादू शेख की हत्या के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा एसडीपीओ रामपुरहाट को हटा दिया गया है। घटना के बाद बीरभूम के जिलाधिकारी, दमकल अधिकारी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई है।

### गवर्नर पर भड़कीं ममता बनर्जी

बीरभूम हिंसा मामले में राज्यपाल के ट्वीट पर ममता बनर्जी भड़क गई हैं। उन्होंने पत्र लिखकर राज्यपाल के बयान पर आपत्ति जताते हुए कहा कि इसे तुरंत वापस लें। ममता ने कहा कि संविधान की गरिमा का पालन करें और जिस मामले की जांच चल रही है, उस पर टिप्पणी करने से बचें। राज्यपाल ने हिंसा के बाद एक वीडियो जारी किया था, जिसमें उन्होंने कहा कि भयानक हिंसा और आगजनी की घटना से संकेत मिलता है कि बंगाल हिंसा की संस्कृति और जंगलराज के हवाले है।

### भाजपा ने राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की

नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है। भाजपा ने लॉ एंड ऑर्डर का हवाला देते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। पार्टी नेताओं ने कहा कि ममता बनर्जी की सरकार कानून व्यवस्था संभालने में नाकाम है, हमने राज्यपाल से इस पर तुरंत एक्शन लेने की मांग की है। भाजपा ने मामले में 5 मेंबर की एक टीम बनाई है, जो घटनास्थल पर जाएगी।

### गृह मंत्रालय ने मांगी रिपोर्ट

बीरभूम की घटना को लेकर बंगाल के भाजपा अध्यक्ष सुकांतो मजूमदार के नेतृत्व में भाजपा सांसदों ने मुलाकात की है। मुलाकात के बाद मजमूदार ने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह पूरे मामले को खुद देख रहे हैं। गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से इस पर रिपोर्ट तलब की है।

### जांच के लिए एसआईटी का गठन

इस मामले में जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। इसमें एडीजी वेस्टर्न रेंज संजय सिंह, CID ADG ग्यानवंत सिंह और DIG CID ऑपरेशन मीरज खालिद शामिल हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बताया कि घटनास्थल पर वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री फिरहाद हकीम को भेजा गया है।

### तृणमूल नेता पर फेंका गया था बम

भादू शेख तृणमूल कांग्रेस के रामपुरहाट से पंचायत नेता थे। सोमवार रात को शेख स्टेट हाईवे- 50 पर जा रहे थे, इसी दौरान उन पर बम फेंका गया। इसके बाद उन्हें रामपुरहाट मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### ममता सरकार का कानून व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं



**भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रामपुरहाट में हुई घटना की निंदा की है। हिंसा में 10 निर्दोष लोगों की मौत से स्तब्ध हूं। ये घटना साबित करती है कि ममता सरकार का कानून व्यवस्था पर कोई नियंत्रण नहीं है। मैं इस घटना की कड़े से कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। साथ ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करता हूं।बीरभूम मामले में पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने राज्यपाल जगदीप धनखड़ से अनुचित बयान देने से परहेज करने और प्रशासन को निष्पक्ष जांच करने की अनुमति देने का आग्रह किया है।**

### कुछ दिन पहले एक दिन में हुई थी दो पार्षदों की हत्या

पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा की एक घटना 13 मार्च को हुई थी। जब हाल ही में चुने गए दो पार्षदों को सरेआम गोली मार दी गई थी। इनमें से एक टीएमसी और दूसरा कांग्रेस पार्टी से था। टीएमसी नेता अनुपम दत्ता उत्तर 24 परगना जिले के पानीहाटी नगर पालिका के वार्ड नंबर 8 के पार्षद थे। वहीं, कांग्रेस पार्षद तपन कंडू पुरुलिया के झालदा में चार बार जीत चुके थे। दोनों को बाइक सवार युवकों ने गोली मारी थी। टीएमसी नेता की हत्या की पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई थी।

# दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर

## दुनिया के 15 सबसे प्रदूषित शहरों में 10 भारत के, बांग्लादेश सबसे प्रदूषित देश

नई दिल्ली। दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर है। लगातार दूसरे साल भारतीय राजधानी दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में टॉप पर है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका दूसरे नंबर पर, अफ्रीकी देश चाड की राजधानी नजामिना, तीसरे, तजाकिस्तान का दुशांबे चौथे और ओमान का मस्कट पांचवें नंबर पर है। दुनिया के 15 सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर सेंट्रल और दक्षिण एशिया में है। इनमें से 10 शहर भारत के हैं। भारत के प्रदूषित शहर भिवाडी (अलवर), गाजियाबाद, दिल्ली, जौनपुर,नोएडा, बागपत, हिसार,फरीदाबाद,ग्रेटर नोएडा, रोहतक।



विश्व स्वास्थ्य संगठन के एयर क्वालिटी स्टैंडर्ड्स पर दुनिया के किसी भी देश का कोई भी शहर खरा नहीं उतरा है। सर्वे में दुनिया के 6,475 शहरों का डेटा शामिल किया गया है। मंगलवार को जारी इस डेटा के अनुसार भारत में प्रदूषण का स्तर 2021 में खराब हुआ है। स्विटरजरलैंड की पॉल्यूशन टेक्नॉलजी कंपनी IQAir ने यह डेटा जारी किया है। इसमें दुनिया के 93 शहरों में पीएम 2.5 निर्धारित स्तर से 10 गुना ज्यादा मिला।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार किसी भी शहर में पीएम 2.5 का स्तर 5 माइक्रोग्राम पर क्यूबिक मीटर से ज्यादा नहीं होना चाहिए।

इस डेटा के अनुसार बांग्लादेश दुनिया का सबसे प्रदूषित देश है। चाड दुनिया का दूसरा सबसे प्रदूषित देश है। चीन इस रैंकिंग में 22वें नंबर पर है। एक साल पहले चीन 14वें नंबर पर था।

IQAir विश्व स्वास्थ्य संगठन के पीएम 2.5 पर जारी मानकों के अनुसार यह डेटा जारी करता है। इस रिपोर्ट में अमेरिका के 2,406 शहरों को शामिल किया गया है।

IQAir के सीईओ फ्रैंक हमेन्स ने कहा कि इस रिपोर्ट से यह पता चलता है कि दुनिया में अच्छी हवा के लिए अभी कितना काम करने की जरूरत है।

# पशुपालकों और मछुआरों के लिए भी उपलब्ध है किसान क्रेडिट कार्ट

नयी दिल्ली। सरकार ने कहा है कि जिस तरह से किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड -केसीसी उपलब्ध है उसी तरह से मछुआरों और पशुपालकों के लिए भी के सी सी की सुविधा सरकार की तरफ से उपलब्ध कराई गई है। पशुपालन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने मंगलवार को लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि केसीसी की सुविधा मछली पालकों और पशु पालक किसानों के लिए भी है और इस काम से जुड़े सभी लोगों को इन सुविधाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दूध पावडर बनाने के लिए किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने सभी सांसदों से अपने संसदीय क्षेत्र में इसकी जानकारी देकर लोगों को यह सुविधा हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस सुविधा को छोटे किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से तैयार किया गया है।

# रसोई में फिर लगी महंगाई की आग

## 5 राज्यों के 11 शहरों में गैस सिलेंडर का दाम एक हजार पार

एजेंसी

नई दिल्ली। पांच राज्यों के चुनाव खत्म होने के बाद अब महंगाई बढ़ना शुरू हो गई है। तेल कंपनियों ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में भी 50 रुपए का इजाफा किया है। इससे बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ में 14.2 किलो का बिना सब्सिडी वाला सिलेंडर 1 हजार रुपए के ऊपर निकल गया है। बिहार के सुपौल में ये 1055 रुपए का मिल रहा है। दिल्ली की बात करें तो यहां अब 14.2 किलो का बिना सब्सिडी वाला सिलेंडर 949.50 रुपए में मिलेगा।

### 1 साल में 130.50 रुपए महंगा हुआ गैस सिलेंडर

दिल्ली में 1 मार्च 2021 को घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 819 रुपए थी, जो अब 949.50 रुपए पर पहुंच गई है। यानी बीते एक साल में घरेलू गैस सिलेंडर कीमत 130.50 बढ़ी है। वहीं इस पर मिलने वाली सब्सिडी भी खत्म कर दी गई है।



### पिछले 8 सालों में गैस सिलेंडर की कीमत दोगुनी से ज्यादा हुई

पिछले 8 सालों में घरेलू गैस सिलेंडर (14.2 किलोग्राम) की कीमत दोगुनी होकर 949.50 रुपए प्रति सिलेंडर हो गई है। 1 मार्च 2014 को 14.2 किलो के घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 410.5 रुपए थी जो अब 949.50 रुपए है।

पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम में लंबे समय से कोई बदलाव नहीं हुआ था। पेट्रोल और डीजल के रेट चार नवंबर, 2021 के बाद से स्थिर थे। घरेलू एलपीजी सिलेंडर के रेट में भी छह अक्टूबर, 2021 के बाद से कोई बदलाव नहीं हुआ था। दूसरी ओर, रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में 40न्न तक का उछाल आ गया था। इसी के चलते तेल कंपनियों पर इनके दाम बढ़ाने को लेकर दबाव था।

### 80 पैसे महंगे हुए पेट्रोल-डीजल

देशभर में पेट्रोल और डीजल के दाम में 80 पैसे प्रति लीटर का इजाफा हुआ। इससे दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 95.41 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 96.21 रुपए प्रति लीटर हो गई। दूसरी ओर, एक लीटर डीजल का रेट 86.67 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 87.47 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गया।

# देश में नये मामलों की संख्या 1,500 से अधिक



एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के 1,581 नये मामले सामने के साथ संक्रमितों की कुल संख्या चार करोड़ 30 लाख 10 हजार 971 हो गयी है। इस दौरान 313 लोगों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर पांच लाख 16 हजार 543 तक पहुंच गया और सक्रिय मामले 1,193 घटकर 23,913 रह गये हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि सुबह सात बजे तक 181 करोड़ 56 लाख 01 हजार 944 कोविड टीके दिये जा चुके हैं।

देश में संक्रमित मामलों की दर 0.06 फीसदी, मृत्यु दर 1.20 फीसदी और रिकवरी दर 98.74 फीसदी तक पहुंच गयी है।

मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में दो हजार 741 लोग कोविड से मुक्त होने से अभी तक कुल चार करोड़ 24 लाख 70 हजार 515 लोग इस वायरस के संक्रमण से उबर चुके हैं। देश में पिछले 24 घंटे में पांच लाख 68 हजार 471 कोविड परीक्षण किए गये, इसके साथ ही अभी तक कुल 78 करोड़ 36 लाख 13 हजार 628 कोविड परीक्षण किये जा चुके हैं।

केरल में पिछले 24 घंटे में सक्रिय मामले 379 घटकर 6260 रह गये हैं। वहीं 850 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 6454022 तक पहुंच गयी है, जबकि मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 67363 हो गया है।

महाराष्ट्र में सक्रिय मामले 81 घटकर 5277 रह गये हैं। इस दौरान राज्य में 180 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 7723468 हो गयी। जबकि इस दौरान मृतकों का आंकड़ा 143767 पर स्थिर रहा।

कर्नाटक में सक्रिय मामले घटकर 1933 रह गये हैं। इस दौरान 173 मरीजों के ठीक होने से इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 3902813 हो गयी है। राज्य में दो और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 40039 हो गया है।

पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में सक्रिय मामले 122 घटकर 1649 रह गये हैं और कोरोना मुक्त होने वालों की कुल संख्या 220667 हो गयी है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 677 है।

राष्ट्रीय राजधानी में इस दौरान कोरोना सक्रिय मामले 10 बढ़कर 505 हो गए हैं, जबकि 98 और मरीजों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी से मुक्त होने वालों की कुल संख्या बढ़कर 1837247 तक पहुंच गई है।

# दिल्ली के तीनों नगर निगम फिर होंगे एक, केंद्रीय कैबिनेट ने बिल को दी मंजूरी

## समय के साथ यह अंतर बढ़ता गया, तीन नगर निगमों की वित्तीय कठिनाइयों में वृद्धि हुई

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को दिल्ली में तीनों नगर निगमों के विलय के विधेयक को मंजूरी दे दी है। अब दिल्ली नगर निगम (संशोधन) बिल को संसद के चालू बजट सत्र में पेश किए जाने की संभावना है। सरकार के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि एकीकृत नगर निगम वित्तीय संसाधनों के सही और समान उपयोग के लिए एक अच्छी तरह से सुसज्जित इकाई होगा जो बढ़ती देनदारियों को कम करेगा, तीनों नगर निगमों के कामकाज पर खर्च कम करने के साथ ही राजधानी की नागरिक सेवाओं में सुधार करेगी।

उन्होंने कहा कि अधिक पारदर्शिता, बेहतर शासन और दिल्ली के लोगों के लिए नागरिक सेवाओं के अधिक कुशल वितरण के लिए अधिक मजबूत वितरण वास्तुकला सुनिश्चित करने के लिए 1957 के मूल अधिनियम में कुछ और संशोधनों को भी मंजूरी दी गई है। यह संशोधन मौजूदा तीन नगर निगमों को मिलाकर दिल्ली के एक एकीकृत नगर निगम का प्रावधान करता है।

तत्कालीन दिल्ली नगर निगम को साल 2011 में तीन नगर निगमों - दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी), उत्तरी दिल्ली नगर निगम (एनडीएमसी), और पूर्वी दिल्ली नगर निगम (ईडीएमसी) में विभाजित किया गया था।

सूत्रों ने बताया कि क्षेत्रीय विभाजन और प्रत्येक निगम की राजस्व सृजन क्षमता के मामले में निगम का विभाजन असमान था। नतीजतन, तीन निगमों के लिए उपलब्ध संसाधनों में उनके दायित्वों की तुलना में एक बड़ा अंतर था। सूत्रों ने कहा कि समय के साथ यह अंतर बढ़ता गया, तीन नगर निगमों की वित्तीय कठिनाइयों में वृद्धि हुई, जिससे वे अपने कर्मचारियों को समय पर वेतन और सेवानिवृत्ति लाभ का भुगतान करने में असमर्थ हो गए, जिससे दिल्ली में नागरिक सेवाओं को बनाए रखने में गंभीर बाधाएं पैदा हुईं।

### भाजपा ने हार से बचने को इमरजेंसी पावर ब्रेक लगवा कर चुनाव को रोका

दिल्ली नगर निगमों के मर्जर वाले बिल को लेकर दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि इस बिल के सभी पहलू सामने नहीं आए हैं, इसलिए एमसीडी के एकीकरण के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। बीजेपी के पास इस एकीकरण के लिए 7 साल थे, लेकिन उन्होंने जिस तरह से चुनाव स्थगित किए हैं, वह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। हमें बिल से कोई दिक्कत नहीं है। एमसीडी चुनाव टालने को लेकर उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग तैयारियां कर लेता है, एक दिन पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाता है उस दिन आचार संहिता लागू हो जाती है, उसके अगले दिन तिथि घोषित करने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाता है फिर उसे भी रोक दिया जाता है, तो क्या रातों रात कोई समस्या आ गई थी? राय ने कहा कि जिस प्रक्रिया से ये चुनाव रोका गया है वो इस बात को दर्शा रहा है कि बीजेपी का जो आंतरिक सर्वे आया उसमें बीजेपी हार रही थी तो इमरजेंसी पावर ब्रेक लगवा कर चुनाव को रोका गया है।

# यूपी : गोमांस की तस्करी के शक में बेरहमी से पिटाई

एजेंसी

मथुरा। मथुरा में गोमांस की तस्करी के शक में तीन लोगों की बुरी तरह से पिटाई की गई. ये लोग मृत जानवरों के अवशेष निस्तारण के काम के लिए जा रहे थे. पुलिस ने गोमांस की तस्करी के आरोपों से इनकार किया है.उत्तर प्रदेश के मथुरा में एक वाहन के पलट जाने के बाद उसमें से जानवरों के अवशेष सड़क पर बिखर गए, जिसके बाद ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और गाड़ी के ड्राइवर और उसमें सवार दो अन्य लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी और बाद में तीनों को बंधक बना लिया. रविवार, 20 मार्च की हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में ड्राइवर आमिर की बेरहमी से पिटाई करते हुए कुछ लोग दिखाई पड़ रहे हैं।

पीड़ित पर आरोपी बेल्ट और अन्य चीजों से बार-बार हमले करते दिख रहे हैं. ड्राइवर आमिर वीडियो में हाथ जोड़कर रहम की भीख मांगता नजर आ रहा है, लेकिन उसकी वहां कोई नहीं सुनता. एक व्यक्ति ड्राइवर को बचाने की कोशिश भी करता दिख रहा है लेकिन उसे गुस्साए लोग पीछे धकेल देते हैं।

रविवार की रात मथुरा के थाना जैंत क्षेत्र के राल गांव में जानवरों के अवशेष और खाल से भरी गाड़ी पलटी थी. जिसके बाद जानवरों की हड्डी और खाल सड़क पर बिखर गए।

जानवरों के अवशेष देख ग्रामीण भड़क गए और गोवंश के मांस की आशंका पर पीड़ितों की पिटाई की. पुलिस को जब इसकी सूचना मिली तो वह मौके पर पहुंची और किसी तरह से पीड़ितों को गुस्साई भीड़ से बचाकर, इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया।

### जुलाई-सितंबर 2021 में बेरोजगारी दर 9.8 प्रतिशत

**नयी दिल्ली।** देश में जुलाई से सितंबर 2021 में बेरोजगारी दर 9.8 प्रतिशत रही है जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह आंकड़ा 13.2 प्रतिशत था। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि कोरोना महामारी के बाद औद्योगिक एवं आर्थिक गतिविधियों में इजाफा हो रहा है। आंकड़ों के अनुसार 15 वर्ष से अधिक के श्रम बल में वर्ष 2021 की जुलाई से सितंबर की तिमाही में बेरोजगारी दर 9.8 प्रतिशत दर्ज की गयी है। वर्ष 2020 की इसी तिमाही में यह आंकड़ा 13.2 प्रतिशत दर्ज किया गया था। जुलाई से सितंबर 2021 की अवधि में पुरुषों में बेरोजगारी की दर 9.3 प्रतिशत और महिलाओं में 11.6 प्रतिशत रही है।

महंगाई का मुद्दा

## खडगे ने कहा : सरकार तेल में कर बढाकर गरीबों को लूट रही है

# डीजल,पेट्रोल, गैस का मुद्दा संसद में नहीं उठाने देती सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि सरकार पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ाने के लिए सिर्फ पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव का इंतजार कर रही थी और चुनाव खत्म होते ही उसने गरीबों को लूटना शुरू कर दिया है।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जन खडगे, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता आनंद शर्मा, कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने यहां संसद भवन के बाहर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता पर केन्द्र सरकार ने बहुत भारी बोझ डाला है और इससे उसकी गरीब विरोधी नीति का खुलासा हुआ है। पेट्रोल और डीजल के दाम 80 पैसे बढ़ाकर इस सरकार ने जनता के 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा अपनी जेब में डाल दिये हैं।



खडगे ने कहा कि सरकार तेल में कर बढाकर गरीबों को लूट रहे हैं। इस मुद्दे पर पार्टी की तरफ से शक्तिसिंह गोहिल ने नियम 267 के अंतर्गत नोटिस दिया था और पार्टी वह मुद्दा उठा रही थी लेकिन सभापति ने सदन को एक घंटे के लिए स्थगित कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह मुद्दा सदन में उठाना चाहती थी लेकिन इसके लिए उसे मौका नहीं दिया जा रहा है।

चौधरी ने कहा कि पांच राज्यों के चुनाव से पहले ये अंदेशा जताया गया था कि चुनाव के नतीजे निकलते ही सारे हिंदुस्तान में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, केरोसीन के दाम पर बेतहाशा हिजाफा होगा और आज मोदी सरकार दाम वृद्धि कर इस अंदेशा को सही साबित कर दिया है। उनका कहना था कि सरकार ने ईपीएफ पर की दर 8.6 से घटाकर 8.1 प्रतिशत कर दिया है। सरकार गरीबों को लूटने में लगी है और इस लूट के जरिए उसने 26 लाख करोड़ रुपए कमाने के सारे इंतजाम कर दिये हैं।

शर्मा ने कहा कि यह साफ है कि सरकार तेल के दाम बढ़ाने के लिए सिर्फ चुनाव होने का इंतजार कर रही थी।

उसने यह काम पहली बार नहीं किया है बल्कि वह आठ साल से लगातार यही काम कर रही है। पिछले आठ साल में सरकार ने यही कर 26 लाख करोड़ रुपए अर्जित किये हैं।

## शार्ट न्यूज

### आतंकवादी हमले में घायल मजदूरों से सिन्हा ने की मुलाकात

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को श्री महाराजा हरि सिंह (एसएमएचएस) अस्पताल का दौरा कर सोमवार को दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में आतंकवादी हमलों में घायल हुए दो मजदूरों की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली। सिन्हा ने बिहार के बिश्वजीत कुमार और उत्तर प्रदेश के बिजनौर के मुहम्मद अकरम नामक मजदूरों का हालचाल लिया। दोनों मजदूर हाल ही में पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले में घायल हुए थे और श्रीनगर के एसएमएचएस अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि उपराज्यपाल ने घायल मजदूरों के इलाज के लिए सर्वोत्तम स्वास्थ्य सुविधा का आश्वासन दिया। उपराज्यपाल ने नागरिकों पर आतंकवादी हमलों की निंदा करते हुए कहा कि सरकार आतंकवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस घृणित कार्य के अपराधियों को जल्द ही सजा दी जाएगी। इससे पहले, श्रीनगर के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) की प्रिंसिपल प्रोफेसर सामिया राशिद ने उपराज्यपाल को घायलों की स्थिति और अस्पताल द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

### विक्रमादित्य सिंह ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

जम्मू। जम्मू-कश्मीर कांग्रेस के नेता और पूर्व विधान परिषद सदस्य विक्रमादित्य सिंह ने मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उनका कहना है कि कांग्रेस राज्य और लद्दाख के लोगों की भावनाओं को समझने और उन पर विचार करने में विफल रही है। श्री विक्रमादित्य जम्मू-कश्मीर के महाराज हरि सिंह के पोते और कांग्रेस के दिग्गज और पूर्व राज्यपाल डॉ कर्ण सिंह के बेटे हैं। उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को अपना इस्तीफा सौंपा। उन्होंने कहा कि पार्टी जमीनी हकीकत से दूर है, और न केवल कश्मीर में बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी उभरते परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए आवश्यक संगठनात्मक और अन्य बदलाव करने में असमर्थ है। श्री सिंह ने कहा कि 2018 में कांग्रेस में शामिल होने के बाद उन्होंने कई मुद्दों या घटनाओं के समर्थन में खुलकर अपने विचार व्यक्त किए थे, जो कांग्रेस के रुख से मेल नहीं खाते। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि नेतृत्व और पार्टी गतिशील नहीं होती और बदलती जन भावनाओं और आकांक्षाओं के अनुकूल होने के लिए तैयार नहीं होती तो 'कुछ समय में पार्टी समाप्त हो जाएगी।'

### श्रीनगर में पुलिसकर्मी की हत्या

श्रीनगर। संदिग्ध आतंकवादियो ने मंगलवार को यहां एक पुलिसकर्मी की गोली मार कर हत्या कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि शहर के बाहरी इलाके जोनिमर सोउरा इलाके में गोली मार कर पुलिसकर्मी की हत्या की घटना को अंजाम दिया गया। पुलिसकर्मी को शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज(एसकेआईएमएस) में ले जाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल होने के कारण उनकी मृत्यु हो गयी। स्वास्थ्य अधिकारी ने यह जानकारी दी है। पुलिसकर्मी की पहचान कुपवाड़ा निवासी चयन ग्रेड सिपाही आमीर हुसैन लोन के रूप में की गयी है। उल्लेखनीय है कि लोन चौथे पुलिसकर्मी हैं जिनकी इस साल हत्या हुई है। जानकारी के अनुसार, कश्मीर में सोमवार शाम को दो हमलों में एक नागरिक की मौत हो गई तथा एक गैर-कश्मीरी घायल हो गया।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस कर रही आतंकवाद संबंधी सभी मामलों की जांच

जम्मू। फारूक अहमद डार सहित कुछ अन्य लोगों के खिलाफ कश्मीरी पंडितों की हत्या और टेरर फंडिंग संबंधी आरोप लगाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने मंगलवार को कहा कि किसी को भी नहीं बख्शा जाएगा और पुलिस आतंकवाद से जुड़े सभी मामलों की जांच कर रही है। सिंह ने सीमावर्ती क्षेत्रों में गश्त के लिए मोटरसाइकिलों को हरी झंडी दिखाने के समारोह से इतर संवाददाताओं से कहा,आतंकवादी गतिविधियों से संबंधी मामलों की जांच की जा रही है। अगर कोई दोषी पाया जाता है तो उसे बख्शा नहीं जाएगा और उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि आतंकवादी और उनके आका यहां की शांति में बिघ्न डालने की कोशिश करते रहे हैं। सिंह ने कहा,हमने सरहद पार से चलाए जा रहे नापाक मंसूबों को न केवल नाकाम किया है, बल्कि साजिशों में शामिल सभी लोगों को भी धर दबोचा है। लक्षित हत्याओं पर उन्होंने कहा, लक्षित हत्याएं हमेशा से ही चुनौतीपूर्ण रही हैं, हम इससे भी निपट रहे हैं। पाकिस्तान और इसकी एजेंसियां ड्रोन्स के माध्यम से तस्कर, सुरंगों के माध्यम से घुसपैठ, मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी को अंजाम देते रहे हैं, लेकिन हमारी सुरक्षा व्यवस्था इतनी मजबूत है कि ऐसी गतिविधियों को नाकाम कर दिया जाता है।

### मोबाइल टावर के नाम पर 18.11 लाख की ठगी के दो आरोपी कोलकाता से गिरफ्तार

**नैनीताल।** उत्तराखंड की पिथौरागढ़ पुलिस ने मोबाइल टावर के नाम पर लाखों की ठगी करने के दो आरोपियों को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने मंगलवार को बताया कि आरोपियों के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई अमल में लायी जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जांच में सामने आये तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर सोमवार को कोलकाता से आरोपी अनिकेत मंडल और नितेश कुमार झा को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि पिथौरागढ़ पुलिस के अनुसार पिछले साल अप्रैल में पिथौरागढ़ के जाजरदेवल में मोबाइल टावर के नाम पर 18.11 लाख रुपये ठगी का मामला सामने आया था। इस प्रकरण में 26 अप्रैल, 2021 को जाजरदेवल थाना में पीड़ित गिरीश चंद्र जोशी की ओर से एक तहरीर दी गयी थी। इसके बाद एक जांच टीम का गठन किया गया।पुलिस को जांच में पता चला कि आरोपियों ने मोबाइल टावर लगाने के नाम पर पीड़ित से लाखों की ठगी कर ली थी और ठगी की 18.11 लाख रुपये की रकम का पेटीएम के माध्यम से भुगतान किया गया। पुलिस को जांच में कुछ मोबाइल नंबर पता चला। उनके आधार पर एक जांच को आगे बढ़ाया गया।

### भाजपा सरकार थोथी घोषणायें करने में विश्वास रखती है : हुड्डा

चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रतिपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार सिर्फ थोथी घोषणाएं करने में विश्वास रखती है। हुड्डा ने संवाददाताओं से कहा कि हर बजट में सरकार यह सोचकर घोषणा करती है कि उसको पूरा नहीं करना है। वह चाहे हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनाने की घोषणा हो या फिर अन्य घोषणायें। सरकार ने प्रदेश को कर्ज में डुबोने के सिवाय कोई कार्य नहीं किया। इस सरकार की कारगुजारियों के चलते आज प्रदेश लगभग तीन लाख करोड़ रुपये के कर्ज तले दब गया है। हालात ऐसे हो गए हैं कि रूटीन के कामों और कर्ज उतारने के लिए भी सरकार को कर्ज लेना पड़ रहा है। बावजूद इसके सरकार ने बजट में बड़ी-बड़ी घोषणाएं की हैं। इनको पूरा करने के लिए न सरकार के पास पैसा है और न ही कोई नीयत है। हुड्डा ने कहा कि इस सरकार ने वास्तविकता से ध्यान भटकाने के लिए इन्फ्लेटेड बजट पेश किया है, ताकि लोगों को सुनने में अच्छा लगे लेकिन लोग इसकी हकीकत को समझ चुके हैं। सरकार द्वारा हर बार घोषणा से विपरीत बाद में अलग-अलग कामों के लिए बजट आवंटन को घटाकर ऊंट के मुंह में जीरे के समान कर दिया जाता है। सरकार ने बजट में एक लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा है, जबकि पिछले साल के आंकड़े बताते हैं कि पूरे साल में प्रदेश में महज 1600 करोड़ रुपये का ही निवेश हुआ है। ऐसे में एक लाख करोड़ निवेश के लक्ष्य को प्राप्त करने में 50 वर्ष से भी ज्यादा का समय लगेगा। उन्होंने बताया कि इस बजट से किसान, मजदूर, कर्मचारी, छोटा व्यापारी, बेरोजगार समेत हर वर्ग को निराशा हाथ लगी है। सर्वाधिक बेरोजगारी, रिकॉर्ड महंगाई, आर्थिक मंदी, अर्थव्यवस्था की जर्जर हालत जैसी चुनौतियों से निपटने में यह बजट फेल साबित होगा।

## भगोड़े विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चौकसी पर सरकार का बड़ा एक्शन, 19,100 करोड़ की संपत्ति जब्त



**नई दिल्ली।** सरकार ने विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चौकसी की 19,111 करोड़ रूपये की संपत्ति बरामद कर ली है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने ऊपरी सदन को लिखित जानकारी दी है कि तीनों उद्योगपतियों की 19,111 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली गई है। तीनों उद्योगपतियों ने भारतीय बैंकों को 22,585.83 करोड़ का चूना लगाया और फिर विदेश भाग गए।

पंकज चौधरी ने सदन को बताया कि 15 मार्च 2022 तक (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के तहत तीनों से मिलाकर 22,585.83 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। 19,111.20 करोड़ की संपत्ति में से 15,113.91 करोड़ रुपयों की संपत्ति पब्लिक बैंक को वापस दी जा चुकी है। उन्होंने ये भी बताया कि इनमें से 335.06 करोड़ रुपये की संपत्ति भारत सरकार को सौंपी गई है।

पंकज चौधरी ने कहा कि 15 मार्च 2022 तक कुल अमाउंट का 84.61 प्रतिशत रिकवर कर लिया गया है। वहीं बैंकों को हुए घाटे का 66.91 प्रतिशत उन्हें वापस लौटा दिया गया है। उन्होंने ये भी बताया कि 15 मार्च 2022 तक बैंकों के समूह जिसका नेतृत्व एसबीआई बैंक कर रहा है, उसे 7,975.27 करोड़ रुपये दे दिए गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने तीनों की संपत्ति को बेचकर 7,975.27 करोड़ रुपये बैंकों के समूह को लौटा दिए हैं। गौरतलब है कि तीनों उद्योगपतियों विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चौकसी ने बैंकों के समूह को चूना लगाकर सारा पैसा लेकर विदेश भाग गए थे।

विजय माल्या लंदन में हैं जबकि मेहुल चौकसी और नीरव मोदी एंटीगुआ की नागरिकता लेकर वहीं बस गए हैं।

भारत सरकार ने विदेशी अदालतों में भी इन आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज किए हैं।

## तृणमूल सरकार पर भाजपा सांसदों ने लगाए आरोप

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के गांव में कम से कम आठ लोगों को जिंदा जलाए जाने से संबंधित मुद्दे को लेकर दिल्ली में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मंगलवार को राज्य के भाजपा सांसदों के एक समूह ने मुलाकात की और हिंसा के मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की।

भाजपा सांसदों ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस द्वारा आतंकवादियों को बढ़ावा देकर राजनीति को मनमुताबिक करने की कोशिश की जा रही है।

राज्य के पुलिस महानिदेशक मनोज मालवीय ने कहा कि पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिले में रामपुरहाट ब्लॉक के बोगतुई गांव में उनके घरों को जला दिए गए, जिसमें करीब आठ लोगों की मौत हो गयी जबकि भाजपा लोकसभा सदस्यों ने मृतकों की संख्या दस बताई।

सांसदों ने शाह को सौंपे गए ज्ञापन पत्र में कहा,हम बंगाल में चुनाव के बाद की हिंसा और राज्य में तेजी से बिगड़ती कानून व्यवस्था की सच्चाई बयान कर रहे हैं कि पिछले साल के राज्य विधानसभा चुनावों के बाद तृणमूल के गुंडों ने 50 भाजपा समर्थकों की हत्या कर दी थी।

सांसदों ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा सक्रिय किए गए राजनीतिक आतंकवादियों ने राणाघाट से लोकसभा सदस्य जगन्नाथ सरकार की हत्या के लिए बम फेंके गए थे। सांसदों ने रामौरहाट की घटना पर दुख व्यक्त किया और कहा कि इस क्षेत्र में फेंके गए बम हमले में पंचायत उप-प्रधान की मौत हो गयी थी।

## बोम्मई ने तमिलनाडु विधानसभा प्रस्ताव की कड़ी निंदा की

बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने मंगलवार को कथित तौर पर मेकेदातु परियोजना के खिलाफ तमिलनाडु विधानसभा के प्रस्ताव की कड़ी निंदा की और कहा कि पड़ोसी राज्य कावेरी जल पर राजनीति करने की कोशिश कर रहा है। बोम्मई ने संवाददाताओं से कहा,तमिलनाडु विधानसभा द्वारा जो प्रस्ताव पारित किया गया है वह अवैध है और इसका इस्तेमाल राजनीतिक रूप से किया जा रहा है। इसके अलावा भी अतीत में ऐसे प्रस्ताव पेश किए गए हैं जिनका कोई मूल्य नहीं है।

बोम्मई ने कहा कि कावेरी जल निगरानी बोर्ड की स्थापना और अधिकारियों के अंतिम निर्णय देने के बावजूद, तमिलनाडु मेकेदातु परियोजना के विरोध में हैं जबकि इसका उद्देश्य कर्नाटक को पानी उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु ने भी कर्नाटक के पक्ष में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है।

बोम्मई ने कहा,तमिलनाडु विधानसभा में प्रस्ताव पर फैसले के बावजूद कर्नाटक मेकेदातु परियोजना को लागू करने के लिए सभी कदम उठाना जारी रखेगा।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक को अभी केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की मंजूरी का इंतजार है, जिसके बाद वह विस्तृत रूप से मेकेदातु परियोजना को शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि महाजन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार सोलापुर, अक्कलकोट और अन्य कन्नड़ भाषी क्षेत्र अभी भी महाराष्ट्र के पास हैं।

## वीडियो बनाकर महिला से छह महीने तक हैवानियत

### डीएमके कार्यकर्ता समेत 8 गिरफ्तार



चेन्नई। तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले से एक ऐसा मामला सामने आया है जहां पुलिस ने 22 वर्षीय दलित महिला से बार-बार बलात्कार करने और वीडियो बनाकर धमकी देने के आरोप में चार लड़कों समेत आठ को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपियों में सत्तारूढ़ डीएमके के दो स्थानीय कार्यकर्ता भी शामिल हैं।

दरसअल, जानकारी के मुताबिक पुलिस ने बताया कि पीड़िता को इस मामले के मुख्य आरोपी हरिहरन से उसके आवास के पास एक गोदाम में मिलने का लालच दिया गया था। इसके बाद उससे वहां शारीरिक संबंध बनाए गए और फिर उसकी वीडियो भी बनाया गया। वीडियो जारी करने की धमकी देते हुए मुख्य आरोपी व उसके साथियों ने महिला से कई बार दुष्कर्म किया। फिलहाल जिला पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर सभी आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दो आरोपी नाबालिग हैं जबकि उनमें से दो तमिलनाडु में सत्ताधारी पार्टी डीएमके से जुड़े हुए हैं। इनमें हरिहरन 27, मंदासामी 37, प्रवीण 22 और जुनैद अहमद 24 को श्रीविल्लिपुथुर उप-जेल भेजा गया है। इसके साथ ही नाबालिगों को मदुरै में कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चों के लिए एक घर भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने सोमवार को शिकायत दर्ज कराई थी।

इस मामले में ट्विस्ट तब आया जब यह पाया गया कि दो आरोपी डीएमके के हैं, हालांकि उनकी स्थिति का अभी पता नहीं चल पाया है। जांच करने वाली पुलिस के लिए यह सभी आरोपी हैं।

गिरफ्तारी के समय उनकी पार्टी से जुड़े होने का पता नहीं चला था और इससे जांच पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या यह एक अलग अपराध है या इसके पीछे कोई बड़ा नेटवर्क है।

इस मामले में तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई ने एक बयान में कहा कि क्या मुख्यमंत्री स्टालिन स्थानीय पुलिस को अपनी पार्टी के लोगों के हस्तक्षेप से बचाएंगे। वहीं डीएमके सांसद कनिमोझी ने इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ट्वीट किया कि उन्हें यह सुनकर राहत मिली कि अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए, चाहे वे कोई भी हों।

बताया जा रहा है कि पीड़िता एक कपड़ा कारखाने में काम करती है और उसकी हरिहरन नाम के युवक से दोस्ती हुई।

दोस्ती के बाद आरोपी ने उसे अपने प्रेमजाल में फसाया। इसी बीच 20 अगस्त 2021 को युवक युवती को एक मेडिकल वेयरहाउस में ले गया, जहां उसने उसके साथ रेप किया और अपने मोबाइल पर वीडियो बना लिया। इसके बाद हरिहरन ने अपने दोस्तों को भी यह वीडियो दिखाया। इसके बाद सभी आरोपियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए छह महीने तक उसके साथ रेप किया।

## आम्रपाली के सभी घर खरीदारों को फ्लैट मिलना सुनिश्चित करना हमारी पहली प्राथमिकता : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि उसकी पहली प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि आम्रपाली के प्रत्येक घर खरीदार को फ्लैट मिले। जस्टिस यू.यू. ललित और जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी की बेंच को कोर्ट के रिसीवर वरिष्ठ वकील आर. वेंकटरमानी ने सूचित किया कि शुरुआत में उन्होंने कम से कम आठ हजार फ्लैट की सूची जारी की थी, जिन पर किसी खरीदार ने दावा नहीं किया था, या जो फर्जी नामों से बुक किए गए थे या जिनका सही मूल्यांकन नहीं हुआ था।



वेंकटरमानी ने कहा कि तब से लगभग 4000 दावेदार आए हैं और हम उनके समझौतों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं। लगभग 4000 फ्लैट अब भी बचे हुए हैं और हमें उम्मीद है कि अगले दो सप्ताह या दस दिनों में और लोग आ सकते हैं और अंततः 3000 ऐसे फ्लैट बचेंगे। इन फ्लैट को बिना बिक्री वाली संपत्ति के तौर पर माना जाएगा और अधिक धन जुटाने के लिए इन्हें नीलाम किया जाएगा।

बेंच ने फ्लैट के संबंध में जानकारी नहीं मिलने से आक्रोशित एक घर खरीदार से कहा कि हमारे लिए पहली प्राथमिकता यह है कि आम्रपाली के प्रत्येक घर खरीदार को एक छत मिले। हम अन्य पहलुओं में उलझ कर भटकेंगे नहीं। कोर्ट ने होमबॉयर से अगले छह महीने तक सुनवाई के लिए मामले का उल्लेख नहीं करने को कहा। वेंकटरमानी ने बेंच को बताया कि अब तक घर खरीदारों द्वारा निर्धारित भुगतान योजना के अनुसार 900 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है और अधिक भुगतान करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि करीब 700 करोड़ रुपये की संपत्ति कम कीमत पर बेची गई थी और हम इसे घर खरीदारों के साथ सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं, जिनका हम पता लगा पाए हैं। कई आवंटन के लगभग 300-500 मामले देखे गए, जिनका सत्यापन चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले की अगली सुनवाई 28 मार्च को करेगा।

## 57 अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट से जीती जंग, यूकेएससी मेंस परीक्षा में शामिल होने के निर्देश

नैनीताल। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (यूकेएससी) की राज्य सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2021 की मेंस परीक्षा से वंचित होने वाले 57 छात्रों ने मंगलवार को आयोग के खिलाफ जंग जीत ली है। उच्च न्यायालय ने छात्रों को मेंस परीक्षा में शामिल करने के निर्देश दिये हैं।

इस प्रकरण की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी की एकलपीठ में हुई। मामले को आयोग की प्री-परीक्षा में मामूली अंतर से वंचित पवन नैनवाल समेत 57 अभ्यर्थियों की ओर से चुनौती दी गयी थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि आयोग की ओर से उत्तराखंड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2021 की प्रारंभिक परीक्षा फरवरी में आयोजित की गयी थी।

आयोग द्वारा लिखित परीक्षा के बाद 12 प्रश्नों को हटा दिया गया और इसके बदले में सभी अभ्यर्थियों को 12 बोनस अंक प्रदान कर दिये गये। याचिकाकर्ताओं की ओर से आगे कहा गया कि इससे उन्हें नुकसान हुआ है और वह मामूली अंकों के अंतर से मेंस की परीक्षा में शामिल होने से वंचित रह गये। याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत को यह भी बताया गया कि आयोग का आकलन गलत किया गया है। इससे उन अभ्यर्थियों को लाभ हुआ है जिन्होंने नकारात्मक अंक प्रणाली के तहत हटाये गये प्रश्नों को हल नहीं किया। आयोग की ओर से उन्हें भी बोनस अंक प्रदान किए गये। जिससे उन्हें नुकसान हुआ है क्योंकि उन्होंने इन प्रश्नों के संभावित सही उत्तर दिये थे और आयोग ने उन्हें सभी के साथ 12 बोनस अंक प्रदान किये हैं।

याचिकाकर्ताओं की ओर से यह भी कहा गया कि आयोग की गलती की वजह से वे मामूली अंतर से मेंस परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो गये। उन्होंने अदालत से उन्हें मेंस परीक्षा में शामिल करने की अनुमति देने की मांग की गयी और कहा गया कि आयोग की ओर से मेंस परीक्षा के लिये आवेदन करने की अंतिम तिथि 25 मार्च सुनिश्चित की गयी है।

याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता दुष्यंत मैनाली ने बताया कि मामले को सुनने के बाद अदालत ने सभी याचिकाकर्ताओं को मेंस परीक्षा में शामिल करने के निर्देश आयोग को दे दिये।

## अस्पताल के वार्ड में युवक से मारपीट, सदमें में मां की मौत

जबलपुर। मध्यप्रदेश के जबलपुर मेडिकल अस्पताल के एक वार्ड में घुसकर एंबुलेंस संचालक के गुर्गो ने एक युवक से जमकर मारपीट की, जिसके चलते सदमें में उसकी मां की मौत हो गयी। घटना के बाद पुलिस ने एंबुलेंस संचालक सहित तीन लोग हिरासत में लिए गए हैं।

नगर पुलिस अधीक्षक गढा तुषार सिंह ने आज बताया कि नरसिंहपुर चिचली निवासी हेमराम अहिरवार की मॉ फूलाबाई (59) को लीवर संबंधित बीमारी थी। महिला को उपचार के लिए 12 मार्च को जबलपुर लाकर शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया था। महिला को आईसीयू से वार्ड नम्बर 16 में शिफ्ट किया गया था। वहीं, वार्ड में भर्ती एक अन्य मरीज की रविवार शाम मौत हो गयी थी। शव को दमोह पहुँचाने के लिए निजी एम्बुलेंस संचालक आठ हजार रूपये मांग रहा था।

हेमराज ने अपने किसी परिचित को फोन कर एम्बुलेंस की व्यवस्था लगभग चार हजार रूपये में करवा दी थी। इससे आरोपियों निजी एम्बुलेंस के मालिक और उसके गुर्गो ने वार्ड में घुसकर युवक के साथ मारपीट की। इस घटना के कुछ देर बाद उसकी वृद्ध मां ने दम तोड दिया। शार्ट रिपोर्ट के अनुसार संभवता घटना से सदमा लगने से महिला की मौत हुई है। इसके अलावा उसका लीवर भी ठीक तरीके से काम नहीं कर रहा था। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या एवं अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर एम्बुलेंस संचालक तथा उसके दो गुर्गो को हिरासत में ले लिया है। घटना के शामिल अन्य आरोपियों की पहचान के लिए अस्पताल प्रबंधन से सीसीटीवी कैमरे की फुटेए मांगी गयी थी। अस्पताल प्रबंधन द्वारा कैमरा खराब होने की जानकारी दी गयी है। इस संबंध में अस्पताल प्रबंधन को पत्र लिखा गया है।

इस घटना के बाद जिला कलेक्टर के निर्देश पर सीएसएमओ डॉ रत्नेश कुररिया ने जिला एवं मेडिकल अस्पताल में निजी एम्बुलेंस के खडे होने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी कर दिये है। निजी एम्बुलेंस के लिए सिर्फ डॉप एंड गो की व्यवस्था रहेगी। चिकित्सकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने और यदि कोई चिकित्सक लंबे अवकाश पर है, तो प्रपत्र में पूर्ण जानकारी भेजने के निर्देश भी जारी किये गये है। कलेक्टर इलैयाराजा टी ने आज सुबह मेडिकल अस्पताल को निरीक्षण किया। निरिक्षण के दौरान उन्होने अव्यवस्थाओं को दुरूस्त करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि घटना के समय उपस्थित सुरक्षा कर्मियों पर कार्रवाई के लिए संबंधित ठेकेदार कंपनी को नोटिस जारी किये गये हैं। इसके अलावा परिसर में लगे कैमरों को ठीक करवाने के लिए डीन डॉ पी के कसार से उन्होने व्यक्तिगत रूप से आग्रह किया है। इसके पूर्व भी उन्होने इस संबंध में उन्हे पत्र लिखा था।

## आवास, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का नियमितीकरण होगा अब आसान

रायपुर। छत्तीसगढ़ के निवासियों के लिए उनके आवास, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, प्रभावशील भू-उपयोग आदि निर्माण कार्यों का नियमितीकरण कराना अब और अधिक आसान हो जाएगा। छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास नियमितीकरण विधेयक पारित किया गया। संशोधन विधेयक के अनुसार राज्य के निवेश क्षेत्र के अंतर्गत जहां भी अनियमित विकास हुए हैं उन्हें नियमित कराया जा सकेगा। विधेयक में नियमितीकरण के प्रावधानों को पहले से अधिक शिथिल कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास नियमितीकरण (संशोधन) विधेयक से प्रदेश की जनता को उनके आवास, व्यावसायिक प्रतिष्ठान को नियमित कराने का अवसर मिलेगा। ऐसे लोग जो परिस्थितिवश अनुज्ञा प्राप्त करने से वंचित रह गये थे, उन्हें भी इस अधिनियम के लागू होने पर शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप अपने अनियमित विकास एवं निर्माण को नियमित कराने का मौका मिलेगा। इससे राज्य सरकार के राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी।


इसका उपयोग विकास योजनाओं में किया जा सकेगा। छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास नियमितीकरण विधेयक में भूमि उपयोग में परिवर्तन करने पर कलेक्टर गाईडलाईन का पांच प्रतिशत अतिरिक्त शमन शुल्क अधिरोपित की जावेगी।

## भ्रष्टाचार के मामले में दोषी नहीं बख्शा जाएगा : मनोहर लाल खट्टर

**एजेंसी**

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि भ्रष्टाचार के मामले में मेरा कोई सगा नहीं है और जो भी दोषी होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा।

खट्टर ने कहा कि हर आरोपी के खिलाफ जांच के बाद सख्त से सख्त कार्रवाई होगी, चाहे वह कोई आईएएस अधिकारी व अन्य कोई भी हो। उन्होंने मंगलवार को विधानसभा स्थगित होने के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यह प्रतिक्रिया फरीदाबाद नगर निगम में भ्रष्टाचार के मामले पर लाए गए ध्यानकार्षण प्रस्ताव के दौरान आईएएस अधिकारियों का नाम लिए जाने के सवाल पर दी। फरीदाबाद नगर निगम भ्रष्टाचार को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें कुल नौ केस दर्ज किए गए हैं जिनकी जांच पुलिस या विजिलेंस द्वारा की जा रही है। सरकार इस पर नजर बनाए हुए है, उनकी कोशिश है कि निर्दोष कोई न फंसे और दोषी बच न पाए। एक-एक केस की जांच गहनता से चल रही है। एक दिन पहले भी एक जांच की रिपोर्ट आई है, जिसका अध्ययन किया जा रहा है। इस मामले में शहरी स्थानीय



निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने सदन में विस्तृत जवाब भी दिया है।

उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ कल्पना चावला सिटी पार्क की जमीन नगर निगम की है। निगम में आने से पहले यह जमीन शामलात देह रही होगी। बाद में पटवारी ने इस जमीन का मालिकाना हक किसी व्यक्ति के नाम कर दिया। इस वजह से उच्चतम न्यायालय तक यह मामला गया और उन कागजात की वजह से नगर निगम केस हार गया। अब इस मामले को बजट सत्र में उस क्षेत्र के विधायक ने वाहवाही लूटने के लिए उठाया है। सरकार अपना पक्ष मजबूती से शीर्ष अदालत में रखेगी। पटवारी के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। यह जमीन पब्लिक की है न कि किसी व्यक्ति विशेष की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले शहरों में 50 प्रतिशत तक बनी हुई कॉलोनी ही अधिकृत होती थी लेकिन उन्होंने यह शर्त हटा दी है। अब 10 से 20 प्रतिशत तक बनी हुई कॉलोनी भी अधिकृत हो सकेंगी। इस तरह की कॉलोनी यदि खाली पड़ी है तो उसके डेवलेपमेंट चार्ज बिल्डर को देना होगा। जहां पर मकान बने हुए हैं उन्हें कलेक्टर रेट का 5 प्रतिशत चार्ज देना होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से 2021 तक के बीच 7-ए की आड़ में एनओसी के बिना गलत तरीके से की गई रजिस्ट्रियों की जांच सरकार करवा चुकी है। अब सदन में उन्होंने घोषणा की है कि 2010 से 2016 के बीच हुई इस तरह की रजिस्ट्रियों की जांच करवाई जाएगी।

गुरुग्राम की चिंतल सोसाइटी से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं भविष्य में न हों इसके लिए अनिवार्य रूप से बिल्डिंगों का स्ट्रक्चरल ऑडिट होगा। चिंतल सोसाइटी को लाइसेंस वर्ष 2007 में कांग्रेस सरकार समय दिया था। इस बिल्डर द्वारा और भी कई टावर बनाए गए हैं।

इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। बिना आक्यूपेशन सर्टिफिकेट के बनाई गई बिल्डिंगों के मामले का भी अध्ययन किया जाएगा। लालच देकर धर्म परिवर्तन करवाने वालों पर होगी कार्रवाई।

# संपादकीय

## यूपी चुनाव परिणाम ने तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों को सबक सिखाया है

उत्तर प्रदेश विधानसभा में इस बार मुस्लिम विधायकों की संख्या पिछली बार के मुकाबले थोड़ी बढ़ गई है। 2017 के विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस बार 2022 के विधानसभा चुनाव में 10 मुस्लिम प्रत्याशी ज्यादा जीते और जीतने वाले मुस्लिम प्रत्याशियों की कुल संख्या 34 है। सभी चुने गये विधायक समाजवादी पार्टी गठबंधन के हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में 24 मुस्लिम विधायक विधानसभा में जीत कर आए थे। सपा से जीतने वाले विधायकों में अमरोहा से महबूब अली, बहेड़ी से अता उर रहमान, बेहट से उमर अली खान, भदोही से जाहिद, भोजीपुरा से शहजिल इस्लाम, बिलारी से मो. फहीम, चमरौआ से नसीर अहमद, गोपालपुर से नफीस अहमद, इसौली से मो. ताहिर खान शामिल हैं। वहीं, कैराना से नाहिद हसन, कानपुर कैंट से मो. हसन, कांठ से कमाल अख्तर, किठौर से शाहिद मंजूर, कुंदरकी से जिया उर रहमान, लखनऊ पश्चिम से अरमान खान, मटेरा से मारिया, मेरठ से रफीक अंसारी, मोहमदाबाद से सुहेब उर्फ मन्नू अंसारी, मुरादाबाद ग्रामीण से मो. नासिर सपा की टिकट पर चुनाव जीते।

इसके अलावा नजीबाबाद से तस्लीम अहमद, निजामाबाद से आलम बदी, पटियाली से नादिरा सुल्तान, राम नगर से फरीद महफूज किदवई, रामपुर से मो. आजम खान, संभल से इकबाल महमूद, सिंकदरपुर से जिया उद्दीन रिजवी, सीसामऊ से हाजी इरफान सोलंकी, स्वार से मो. अब्दुल्ला आजम, ठाकुरद्वारा से नवाब जान, डुमरियागंज से सैय्यदा खातून, सहारनपुर से आशु मलिक भी सपा से विधायक चुने गए हैं। वहीं समाजवादी पार्टी गठबंधन की सहयोगी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) से माफिया मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी मऊ सीट से जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। वहीं, राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के टिकट पर सिवालखास से गुलाम मोहम्मद और थानाभवन सीट से अशरफ अली चुनाव जीत कर विधायक बने हैं। रालोद का भी सपा से गठबंधन था।

समाजवादी पार्टी की तरह ही बहुजन समाज पार्टी, कांग्रेस और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने भी काफी संख्या में मुस्लिम उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा था, लेकिन इन सभी दलों का एक भी उम्मीदवार चुनाव जीतने में कामयाब नहीं रहा, जबकि भाजपा ने किसी भी मुस्लिम को टिकट नहीं दिया था। भाजपा नेतृत्व वाले गठबंधन की सहयोगी पार्टी अपना दल (सुहेलदेव) ने जरूर स्वार सीट से हैदर अली खान को चुनाव मैदान में उतारा था, लेकिन उन्हें सपा नेता आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम ने करीब 61 हजार वोट से शिकस्त दी। पिछली बार से इस बार ज्यादा मुस्लिम प्रत्याशियों के जीतने की वजह पर गौर किया जाए तो यह बात बिल्कुल साफ थी कि अबकी से मुस्लिम वोटरों को लामबंद रखने के लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां की गई थीं। जब से चुनाव की आहट सुनाई दी थी, तब से मुस्लिम वोटरों को समझाया जा रहा था कि उनका वोट बंटना नहीं चाहिए, जैसे 2017 में बंट गया था। इसी वजह से बड़ी संख्या में मुस्लिम प्रत्याशी भी चुनाव हार गए और ओवैसी की पार्टी भी हवा में उड़ गई।

राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि जिस पार्टी का आधार वोट बैंक मजबूत होता है, उसी पार्टी का मुस्लिम प्रत्याशी चुनाव में जीतता है, क्योंकि कोई भी मुस्लिम प्रत्याशी केवल मुस्लिम मतदाताओं के वोट के सहारे नहीं जीत सकता, बल्कि उसे पार्टी का आधार वोट बैंक भी चाहिए होता है। जैसे सपा का आधार वोट बैंक यादव है। अगर किसी मुस्लिम बाहुल्य सीट पर प्रत्याशी को यादव वोट भी मिल जाए तो वह मुस्लिम-यादव गठजोड़ से चुनाव जीत जाता है।

## क्रांतिकारी भगत सिंह के जीवन से महत्वपूर्ण सबक : आनंदश्री



क्रांतिकारी भगत सिंह को 23 वर्ष की उम्र में अंग्रेजी शासकों ने असेंबली में बम फेंकने के आरोप में 23 मार्च साल 1931 को उनके क्रांतिकारी साथियों राजगुरु और सुखदेव के साथ फांसी पर लटका दिया था। क्या अंगेजो ने उन्हें समाप्त कर दिया था ? नही मित्रो भगतसिंह के विचार सूर्य की तरह प्रेरणा देती रहेगी। उनके जीवन से जो महत्वपूर्ण सबक है वह सभी भारतीय युवाओं को अपने जीवन को सफल बनाने के लिए लेना चाहिए।बम और पिस्तौल से क्रांति नहीं आती, क्रांति की तलवार विचारों की सान पर तेज होती है।

### - एक ही विजन - आजादी

मात्र ग्यारह वर्ष की उम्र में भगतसिंह को जालिया वाला कांड से अपने जीवन को लक्ष्य मिल चुका था। मात्र ग्यारह वर्ष की उम्र। जलियावाला की मिट्टी की पूजा वह रोज करते। रोज वह घटना को याद करते।

### - क्रांति विचारों में है

क्रांति पिस्तौल, बॉम्ब या तलवार में नही बल्कि विचारो में है। विचारो को सशक्त बनाइये। आपके क्रांतिकारी विचार दुनिया को बदलने की ताकत रखते है। व्यक्तियों को कुचलकर वे विचारों को नहीं मार सकते ।

### - पुस्तक को अपना मित्र बनाओ

राष्ट्रपुत्र शहीद भगतसिंह ने पुस्तकों को अपना साथी बनाया हुआ था। क्रांति पर उन्होंने 300 से अधिक पुस्तकें अपने कॉलेज जीवन मे पढ़ी थी। जंहा से उन्हें सतत प्रेरणा मिलती थी।

### - बहरो को सुनाने के लिए धमाके की जरूरत होती है।

अंग्रेज मात्र 30 हजार थे और उन्होंने 30 करोड़ भारतीयों पर शासन किया। यह बात को वह जान चुके थे। अब शांति से आंदोलन नही चलेगा। अब धमाका करना होगा। उन्होंने असेम्बली में बिना हानि के बॉम्ब को विस्पोट किया। मकसद साफ था। क्रांति का आगाज़ करना।

### - मानसिक गुलामी से बाहर निकलो

विकार, समस्या, गुलामी यह सब के सब विचारो में है। उस जेल को , जाल को काटना जरूरी है जो मानसिक रूप से बांध कर रखि है। जीवन उस दिन बदलेगा जब विचारो में क्रांति आएगी।

### - मानसिक रूप से आजाद व्यक्ति को गुलाम नही बनाया जा सकता

भगतसिंह को जेल में रखा गया। अनेक आमनुष्य यातनाये दी गयी। गलत व्यवहार किया गया। जुल्म हुए। लेकिन वे आजाद थे। आजादी की तरह उन्होंने जेल में जीवन को जिया। 116 दिन वह बिना भोजन के थे। आपके साथ घटनाएं और उस पर प्रतिक्रिया ही जीवन को नया आयाम देती है।मित्रो , जो आजादी हमें मिली है उसकी कीमत बहुत बढ़ी चुकाई गयी। आज और इसी वक्त अपने विचारों में क्रांति लाकर अपनी आजादी की कीमत चुकाएं। क्रांति मानव जाति का अपरिहार्य हक है, आजादी सबका कभी ना खत्म होने वाला जन्मसिद्ध अधिकार है ।

# रोजगार एवं स्वावलम्बन पर संघ की सुखद पहल




ललित गर्ग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक श्री मोहन भागवत ने कर्णावती के अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की 11-13 मार्च 2022 की बैठक में देश में एक ऐसा आर्थिक मॉडल विकसित करने हेतु आग्रह किया है जिसके अंतर्गत मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ-साथ रोजगार के अधिक अवसर निर्मित हो सके। जिससे कुटीर एवं लघु उद्योगों का ग्रामीण इलाकों में विस्तार किया जा सके। संघ के ये स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर अर्थतंत्र के ये विचार, दर्शन, कार्यक्रम एवं इतिहास प्रारंभ से ही सशक्त एवं सुदृढ़ राष्ट्र-निर्माण का आधार रहे हैं। संघ का भारत की आजादी एवं इसके नवनिर्माण में अभूतपूर्व योगदान रहा है और अब भारत को समग्र दृष्टि से विकसित करने के लिये संघ प्रयासरत है, जो एक सुखद आश्चर्य का विषय है, जिस पर समग्र राष्ट्र को बिना किसी आग्रह, पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह के आगे बढ़ना चाहिए।

संघ का स्पष्ट मतव्य है कि मानव केंद्रित, पर्यावरण के अनुकूल, श्रम प्रधान तथा विकेंद्रीकरण एवं लाभांश का न्यायसंगत वितरण करने वाले भारतीय आर्थिक मॉडल को विकसित किया जाना चाहिए, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, सूक्ष्म उद्योग, लघु उद्योग और कृषि आधारित उद्योगों को विकसित करते हुए भारत की अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी बनाया जा सके। ग्रामीण रोजगार, असंगठित क्षेत्र एवं महिलाओं के रोजगार और अर्थव्यवस्था में उनकी समग्र भागीदारी जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा देना संघ के इस आर्थिक सोच का उद्देश्य है। संघ चाहता है कि देश की सामाजिक परिस्थितियों के अनुरूप नई तकनीकी तथा कौशल विकास को अंगीकार करके आर्थिक क्षेत्र में नये उजाले किये जाए।

संघ का नया आर्थिक मॉडल माध्यम है एक सशक्त भारत के निर्माण को प्रभावी प्रस्तुति देने का। यह एक दस्तक है, एक आह्वान है जिससे न केवल सशक्त भारत का निर्माण होगा, बल्कि इस अनूठे काम में लगे संघ और उसके आर्थिक मॉडल से भारत के असंख्य युवाओं की आर्थिक समस्याओं एवं बेरोजगारी की समस्या से मुक्ति मिल सकेगी। बदलती आर्थिक तथा तकनीकी परिदृश्य की वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए भी हम सभी को मिलकर सामाजिक स्तर पर नवोन्मेषी पद्धतियां ढूंढने की आवश्यकता है। उभरती डिजिटल अर्थव्यवस्था एवं निर्यात की संभावनाओं से उत्पन्न रोजगार और उद्यमिता के अवसरों का गहन अन्वेषण भी किया जाना चाहिए। इन्हीं सब जरूरतों को ध्यान में रखते हुए संघ ने नये आर्थिक मॉडल पर गहन चिन्तन-मंथन किया है। भारत को सशक्त राष्ट्र बनाने, भारतीय संस्कृति को समृद्ध एवं शक्तिशाली बनाने के लक्ष्य के साथ 27 सितंबर 1925 को विजयदशमी के दिन संघ की स्थापना की गई थी। 2025 में यह संगठन 100 साल का हो जाएगा। नागपुर के अखाड़ों से तैयार हुआ संघ मौजूदा समय में विराट रूप ले चुका है। इसके इसी विराट स्वरूप का एक चरण है उसका स्वतंत्र




आर्थिक चिन्तन एवं मॉडल। इसमें राष्ट्रीयता एवं भारतीयता की शुभता की आहट सुनाई देती है। संघ के प्रति लोगों की सोच बदलनी चाहिए क्योंकि इसकी सच्चाइयों एवं वास्तविकताओं को अब तक बिना जाने-समझे एवं तथाकथित पूर्वाग्रहों-दुराग्रहों के चलते एक खास खांचे में फिट करके देखते रहे हैं। एक सामाजिक-सांस्कृतिक-राष्ट्रीय संगठन के रूप में संघ देश और शायद दुनिया का सबसे विशाल संगठन है। जिसने हमेशा नई लकीरें खींची हैं, एक नई सुबह का अहसास कराया हैं। संघ शोषण और स्वार्थ रहित समाज चाहता है। संघ ऐसा समाज चाहता है जिसमें सभी लोग समान हों। समाज में कोई भेदभाव न हो। दूसरों के अस्तित्व के प्रति संवेदनशीलता आदर्श जीवनशैली का आधार तत्व है और संघ इसे प्रश्रय देता है। इसके बिना अखण्ड राष्ट्रीयता एवं समतामूलक समाज की स्थापना संभव ही नहीं है। जब तक व्यक्ति अपने अस्तित्व की तरह दूसरे के अस्तित्व को अपनी सहमति नहीं देगा, तब तक वह उसके प्रति संवेदनशील नहीं बन पाएगा। जिस देश और संस्कृति में संवेदनशीलता का स्रोत सूख जाता है, वहाँ मानवीय रिश्तों में लिजलिजापन आने लगता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक विचारधारा है, एक संस्कृति है, एक आन्दोलन है, एक मिशन है, इसलिये उसके बेरोजगारी दूर करने एवं स्वावलम्बन के नवीन उद्घोष का राष्ट्र निर्माण में अपूर्व योगदान हो सकता है। बात केवल आजादी में योगदान की ही नहीं है, बल्कि भारत को सशक्त एवं स्वावलम्बन बनाने की भी है। 1925 से 1940 तक स्वतंत्रता आंदोलन का सहयोग करते हुए डॉ. हेडगेवार ने स्वयंसेवक बनाने पर ध्यान दिया, उनका मानना था कि स्वयंसेवक आजादी के सिपाही के रूप में खड़े होंगे और वे हुए भी। 1940 तक संघ का सांगठनिक आधार देश भर में काफी व्यापक हो चुका था, जिसे उनके बाद गुरुजी गोलवलकर ने वैचारिक सुदृढ़ता प्रदान की। अब संघ को विस्तार देते हुए एवं उसकी ताकत को लगातार बढ़ाते हुए मोहन भागवत आर्थिक मजबूती एवं स्वावलम्बन पर सार्थक चिन्तन कर रहे हैं।

संघ को राष्ट्र की चिंता है, उसके अनुरूप उसकी मानसिकता को दर्शाने वाले इस नवीन स्वावलम्बन उद्घोष से निश्चित ही भारत के भविष्य की दिशाएं तय होगी। संघ की दिलचस्पी राजनीति में कम और राष्ट्रनीति में अधिक है। उन्होंने समाज निर्माण को अपना एक मात्र लक्ष्य बताया। संघ का हिंदुत्व सब को जोड़ता है, स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाता है। संघ एक पद्धति है जो व्यक्ति एवं समाज में आर्थिक संतुलन का निर्माण करती है। प्रत्येक गांव और गली में ऐसे स्वयंसेवक खड़े करना संघ का काम है, जो सबको समान नजर से देखता हो, जो स्वयं आत्मनिर्भर एवं स्वावलम्बी होकर दूसरों को स्वावलम्बी बनाये।

संघ ने अपने प्रस्ताव में भारतीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए समग्र विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु नागरिकों से रोजगार सृजन के भारत केंद्रित मॉडल पर काम करने का आह्वान भी किया है। साथ ही समाज के सभी घटकों का भी आह्वान किया है कि विविध प्रकार के कार्य के अवसरों को बढ़ाते हुए हमारे शाश्वत मूल्यों पर आधारित एक स्वस्थ कार्य-संस्कृति को प्रस्थापित करें, जिससे भारत वैश्विक आर्थिक परिदृश्य पर पुनः अपना उचित स्थान अंकित कर सके। कोरोना महामारी में संघ सहित विभिन्न स्वयंसेवी, समाजसेवी, धार्मिक, औद्योगिक एवं आर्थिक संगठनों ने समाज के गरीब एवं जरूरतमंद वर्ग की मदद करने में आपस में मिलकर कार्य किया था उसी प्रकार अब भारत को स्वावलंबी बनाने के लिए भी इन सभी संगठनों को आगे आकर रोजगार के नये-नये अवसर उपलब्ध कराने की अपेक्षा संघ द्वारा की जा रही है। देश में रोजगार सृजन के अनेक सफल उदाहरण उपलब्ध हैं। इन प्रयासों में स्थानीय विशेषताओं, व्यवसायियों, सूक्ष्म वित्त संस्थानों, स्वयं सहायता समूहों और स्वैच्छिक संगठनों ने मूल्यवर्धित उत्पादों, सहकारिता, स्थानीय उत्पादों के प्रत्यक्ष विपणन और कौशल विकास आदि के क्षेत्रों में प्रयास प्रारंभ किये हैं। इन प्रयासों ने हस्तशिल्प, खाद्य प्रसंस्करण, घरेलू उत्पादों तथा पारिवारिक उद्यमों जैसे व्यवसायों को बढ़ावा दिया है। उन सभी अनुभवों को परस्पर साझा करते हुए जहां आवश्यकता है, वहां उन्हें दोहराने के बारे में विचार किया जा सकता है। इससे समाज में 'स्वदेशी और स्वावलम्बन' की भावना उत्पन्न करने के प्रयासों से उपर्युक्त पहलों को प्रोत्साहन मिलेगा।

देखने के लिए आंखें, सुनने के लिए कान, सोचने के लिए मन और काम करने के लिए हाथ-पैर भगवान ने सोच-समझकर बनाए हैं। साथ में भूख, प्यास और भोग-लालसा भी है। इन साधनों का सही और सार्थक प्रयोग करने से प्राणी अपने प्राणों का पालन-पोषण आराम से कर सकता है और दूसरों की सहायता भी कर सकता है, इसी दृष्टि से संघ ने नवीन आर्थिक परिदृश्यों को विकसित करने की आवश्यकता व्यक्त की है। जहां तक हो सके अपने आप अपना काम करने और अपनी मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने का प्रयास करने से शरीर को सुख मिलता है, मन को प्रसन्नता होती है और आत्मा को स्वावलम्ब का अमृत रसास्वादन के लिए मिलता है। स्वावलम्ब के बल पर जीने वाला सबसे सुखी होता है। उसके लिए दूसरों पर निर्भर रहना नहीं पड़ता है। इसी बात को राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त ने बड़े सरल शब्दों में कहा था- स्वावलंब की एक झलक पर, न्यौछावर कुबेर का कोष। यदि सुखमय जीवन के इस सहज मार्ग को सब लोग अपनाते हैं तो सामाजिक जनजीवन स्नेह, सौहार्द और समरसता से चल पाता है, अन्यथा बिना प्रयास, श्रम और साधना के अनर्जित सुख प्राप्त करने की या दूसरों की कमाई पर जीने या दूसरों की संपत्ति हड़प कर आसुरी आनंद पाने की प्रवृत्ति बढ़ जाती है।

# अंतराष्ट्रीय इंटर्नशिप विश्वविद्यालय ने चलाया विश्व का सबसे बड़ा वृक्षारोपण अभियान

**400 से अधिक सहयोगियों व 50 देशों ने लिया पहले चरण में हिस्सा**

**चार चरणों में दस लाख से अधिक पौधे 195 देशों में लगाने का लक्ष्य**




अंतर्राष्ट्रीय इंटर्नशिप विश्वविद्यालय (आईआईयू) द्वारा सबसे बड़ा वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है जिसमे स्वर्ण भारत परिवार से डॉ दीप्ति राजोत्या व विश्व के 50 देशों के 400+ संस्थानों, स्कूलों और संगठनों ने परियोजना निदेशक सुश्री एर्मिना ओप्रीकन के नेतृत्व में वृक्षारोपण अभियान के पहले चरण में भाग लिया। पर्यावरण बचाने के लिए विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर आईआईयू द्वारा इस अनूठे अभियान का हिस्सा छात्र, शिक्षक, जिम्मेदार नागरिक और परिवर्तन निर्माता थे। लेट्स प्लांट अराउंड द वर्ल्ड इवेंट वस्तुतः आयोजित किया गया था फेसबुक पर 1000+ जुड़ाव और 2000+ टिप्पणियों के साथ, 6 वक्ताओं जैसे कि तंजानिया से एलीबाहाटी ज़ाब्लोन किमारो, ट्यूनीशिया से फेथी लेटाइफ, जिम्बाब्वे से ट्रस्ट मुटेकवा, डॉ विजय। भारत के कुमार साल्विया और रोमानिया की सुश्री कोरिना सुजदिया ने पर्यावरण बचाओ के बारे में अपने बहुमूल्य विचार साझा किए हैं। इंटरनेशनल इंटर्नशिप यूनिवर्सिटी के सह-संस्थापक और सीओओ पीयूष पंडित ने एसडीजी पर अपने प्रेरक भाषण के साथ सभा को समृद्ध किया और यह स्थायी भविष्य की आवश्यकता है। 195 देश दूरदर्शी अंतर्राष्ट्रीय इंटर्नशिप विश्वविद्यालय के सह-संस्थापक और सीओओ, श्री पीयूष पंडित के नेतृत्व में चार चरणों में 10,00,000+ पेड़ लगाएंगे। हम सभी को पेड़ लगाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरा-भरा भविष्य बनाने के लिए हाथ मिलाने के लिए आमंत्रित करते हैं। हम दुनिया भर के अपने सभी भागीदारों को वृक्षारोपण अभियान में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद देते हैं। आईआईयू बोर्ड के सदस्यों की इस अनूठी पहल के लिए कड़ी मेहनत काबिले तारीफ है। आईआईयू ने बेहतर और सतत भविष्य के लिए पौधे लगाने, उनका पोषण करने और पेड़ उगाने की पहल की है। कार्यक्रम के दौरान पीयूष पण्डित ने कहा कार्यक्रम का यह पहला चरण है जो टीम वर्क की वजह से सफल रहा साल के अंत तक तीन और चरण के द्वारा दस लाख पौधे लगाए जाएंगे सभी पौधों को मैप द्वारा सांकेतिक तौर पर दर्शाया जायेगा । ऑनलाइन यह विश्व की पहली योजना है जो 195 देशों ने भाग लिया है ।




# विश्व मौसम विज्ञान दिवस 23 मार्च 2022



**वर्तमान जलवायु संकट में विश्व मौसम विज्ञान को गंभीरता से रेखांकित करने की ज़रूरत**

**मौसम विज्ञान मानवीय जिंदगियों और आजीविका बचाने प्राकृतिक आपदाओं की सटीक पूर्वानुमान जानकारी उपलब्ध कराने में पूर्णतःसक्षम - एड किशन भावनानी**

वैश्विक स्तरपर हम पिछले दो दशकों से देख रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन का संकट बढ़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में तो पूरे विश्व में हमने प्राकृतिक आपदाओं का मंजर ज्वालामुखी उठना, जंगलों में आग, बाढ़, भूकंप, चक्रवात, तूफान जैसे अनेक आपदाओं का संकट बढ़ा है, जिसपर नियंत्रण के लिए वैश्विक स्तरपर पेरिस जलवायु समझौता लाया गया जिसके अनुसार सभी सदस्य देशों को कार्बन उत्सर्जन जीरो तक लाना है।

साथियों इसके साथही लगभग हर देश में इन प्राकृतिक आपदाओं का पूर्वानुमान लगाकर मानवीय जिंदगियों और आजीविका को बचाना,भारी तबाही और नुकसान बचाने मौसम विज्ञान विभाग गठित किया गया है जिसकी पैनी निगाह से वहां की सरकारें इन आपदाओं के बचाव में पूर्व तैयारियों का को अंजाम देकर जिंदगियों आजीविका और तबाही पर नियंत्रण करने रणनीति रोडमैप बनाते हैं। फिर भी वैश्विक स्तरपर संयुक्तराष्ट्र का विश्व मौसम विज्ञान संगठन भी बना है जो परिचालनात्मक जल विज्ञान और संबंधित भूभौतिकी विज्ञान की एक विशिष्ट एजेंसी भी बनी है जिसका भारत सदस्य है।

साथियों बात अगर हम मौसम विज्ञान की करें तो,यह मौसम का पूर्वानुमान विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी की एक ऐसी शाखा है जिसमें किसी स्थान के वायुमंडलीय दशाओंकी वैज्ञानिक भविष्यवाणी की जाती है। पिछले कुछ समय से भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने समुद्री चक्रवातों और तूफानों का सटीक आकलन करना प्रारंभ कर दिया है,जिससे ना केवल करोड़ों-अरबों रूपए की राष्ट्रीय संपत्ति का कम-से-कम नुकसान हुआ है, बल्कि जान-माल का भी कम-से-कम नुकसान हुआ है. चाहे ओडिसा-आंध्रप्रदेश में आया फाइलिन चक्रवात हो, हुदहुद चक्रवात हो, गुजरात में आया निलोफर तूफान हो या फ़िर तमिलनाडु, केरल एवं लक्षद्वीप में आया ओखी चक्रवात हो या फिर पिछले वर्ष कोलकाता और मुंबई में आया हुआ तूफान हो, हर बार भारतीय मौसम विज्ञान विभाग तकरीबन सटीक भविष्यवाणी करने में सफल रहा है।

साथियों बात अगर हम पूर्वानुमान अवधि की करें तो प्रायः मौसम पूर्वानुमान आगामी 24 से 48 घंटों के लिए किया जाता है। आगामी 48 घंटों से एक सप्ताह के लिए मौसम के बारे में किया जाने वाला पूर्वानुमान मध्यम अवधि पूर्वानुमान कहलाता है. मध्यम अवधि पूर्वानुमान सामान्य पूर्वानुमान से जटिल कार्य है। इसके लिए आगामी मौसम को प्रभावित करने वाली बीती मौसमी घटनाओं को सूचीबद्ध किया जाता है। मध्यम अवधि पूर्वानुमान के तहत आगामी 10 दिनों में वायुमंडल के व्यवहार के बारे में भविष्यवाणी की जाती है

साथियों बात अगर हम मौसम विज्ञान के महत्व और प्रतिवर्ष उसके थीम की करें तो, मौसम विज्ञान द्वारा दी गई जानकारी के फलस्वरुप ही दूर देशों की यात्रा संभव हो पाती है। किस शहर मे क्या मौसम है। कहां कौन सी आपदा है इन सब बातों की जानकारी मौसम विज्ञान द्वारा ही संभव हो पाई है।

प्रतिवर्ष मौसम विभाग संगठन यह दिन किसी ना किसी खास विषय को ध्यान में रखकर मनाता है। साल 2011 में विश्व मौसम विज्ञान दिवस के अवसर पर जलवायु हमारे लिए, विषय पर जोर दिया गया। जबकि वर्ष 2013 में इसका विषय था- जीवन और संपत्ति के संरक्षण हेतु मौसम का अवलोकन था। साल 2017 में इसका विषय था- उग्र मौसम ने जिंदगियां लील ली और आजीविका को तबाह कर दिया।

साल 2018में विश्व मौसम विभाग दिवस दुनिया के पटल पर मौसम - तैयार, जलवायु-स्मार्ट के रूप में मनाने के उद्देश्य के साथ संपन्न किया गया। 2019 में सूर्य पृथ्वी और महोत्सव।2020 मेंजलवायु और जल। 2021 में महासागर जलवायु और मौसम तथा 2022 में सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण रखा गया है। इसका उद्देश्य देश के विभिन्न हिस्सों में बैठकें, संगोष्ठियों में मौसमविज्ञानी आपस में विचार एवं अनुभव बांटते हैं तथा इस पर चर्चा करते हैं कि इस उभरते विज्ञान के ज्ञान का न केवल भारतीयों बल्कि मानवजाति के कल्याण के लिए कैसे बेहतर उपयोग किया जाए।

साथियों बात अगर हम विश्व मौसम विज्ञान को मनाने की करें तो, इस दिवस पर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। मौसम संबंधी विभाग के अधिकार, विशेषज्ञ, समुदाय के नेताओं और आम जनता के लिए सम्मेलन, संगोष्ठी और प्रदर्शनियां आयोजित की जाती है। जिनमें मुख्य रुप से मौसम में घटने वाली विभिन्न घटनाओं पर मंथन किया जाता है। मौसम में हो रहे परिवर्तन और उस पर पड़ रहे प्रभाव का भी विश्लेषण किया जाता है।

साथियों बात अगर हम विश्व मौसम विज्ञान दिवस के इतिहास और वर्तमान बदलाव की करें तो, सन् 1950 में 23 मार्च के दिन संयुक्त राष्ट्र की एक इकाई के रूप में विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमओ) की स्थापना हुई थी और जिनेवा में इसका मुख्यालय खोला गया था। संगठन की स्थापना का उद्देश्य मानव के दुखदर्द को कम करना और संपोषणीय विकास को बढावा देना है। पहले के जमाने में मौसम का पूर्वानुमान बैरोमीटर में आने वाले बदलावों, उस वक्त की मौसमी दशाओं और आकाशीय लक्षणों पर आधारित होता था। किन्तु वर्तमान समय में मौसम का पूर्वानुमान पूरी तरह से कंप्यूटर द्वारा प्राप्त किए गए आंकड़ों पर आधारित होता है।जानकारियां इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से ली गई है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व मौसम विज्ञान दिवस 23 मार्च 2022, वर्तमान जलवायु संकट में विश्व मौसम विज्ञान को गंभीरता से रेखांकित करने की ज़रूरत है तथा मौसम विज्ञान मानवीय जिंदगियों को और आजीविका बचाने प्राकृतिक आपदाओं की सटीक पूर्वानुमान जानकारी उपलब्ध कराने में पूर्णतःसक्षम है।

## हर वक्त ये जरूर !



सनसनी फैला कर ।
कर दिया मशहूर ।।
काम होना चाहिए ।
हर वक्त ये जरूर ।।
और भी प्रतिभाएं ।
हमको रहीं निहार ।।
कभी-कभार उन पर भी ।
हो थोड़ा उपकार ।।
है सबका अधिकार ।
मिले उसको राह ।।
बढ़ने की ललक है ।
हैं हम सब गवाह ।।
संतुलन बना कर ।
होगा करना काम ।।
कहने और करने को ।
किस्से हैं तमाम ।।

**कृष्णोन्द्र राय**

## शार्ट न्यूज

### रसोई गैस के दाम बढ़ने पर अखिलेश का तंज : चुनाव ख़त्म, महंगाई शुरू

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम में बढ़ोतरी से जनता पर मंहगाई की मार पड़ने के लिये देश और प्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जिम्मेदार ठहराया है। अखिलेश ने चार राज्यों में हुए चुनाव के कारण पिछले कुछ महीनों से पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में इजाफा नहीं होने के बाद चुनाव संपन्न होते ही कीमत में बढ़ोतरी तंज कसते हुए कहा कि अब चुनाव खत्म और मंहगाई शुरु हो गयी है। यह जनता को भाजपा का नया उपहार है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, जनता को दिया भाजपा सरकार ने महंगाई का एक और उपहारज्लखनऊ में रसोई गैस सिलेंडर हुआ हज़ार के पास और पटना में हज़ार के पार। चुनाव ख़त्म, महंगाई शुरू। उल्लेखनीय है कि देश में 137 दिनों के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 80-80 पैसे प्रति लीटर की बढोतरी की गयी है। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत में बढ़ोतरी के कारण आज संसद में भी विपक्षी दलों के हंगामे के कारण उच्च सदन की बैठक दो बार स्थगित करनी पड़ी।

### भाजपा से बसपा नहीं बल्कि मुलायम सिंह मिले हुए हैं : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) और इसके संस्थापक मुलायम सिंह यादव पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मिले होने का आरोप लगाया है। मायावती ने हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में बसपा द्वारा भाजपा को लाभ पहुंचाने के सपा सहित अन्य विपक्षी दलों के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि भाजपा के साथ बसपा नहीं बल्कि सपा और मुलायम सिंह मिले हुए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पिछले शपथ ग्रहण समारोह में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुलायम सिंह द्वारा भाजपा का आशीर्वाद दिलाने का भी आरोप लगाया। मायावती ने तंज कसते हुए सोशल मीडिया पर अपनी एक टिप्पणी में कहा, बीजेपी से, बी.एस.पी. नहीं बल्कि सपा संरक्षक श्री मुलायम सिंह खुलकर मिले है, जिन्होंने बीजेपी के पिछले हुये शपथ में, श्री अखिलेश को बीजेपी से आर्शीवाद भी दिलाया है और अब अपने काम के लिए एक सदस्य को बीजेपी में भेज दिया है। यह जग-जाहिर है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, यू.पी. में अम्बेडकरवादी लोग कभी भी सपा मुखिया श्री अखिलेश यादव को माफ नहीं करेंगे, जिसने, अपनी सरकार में इनके नाम से बनी योजनाओं व संस्थानों आदि के नाम अधिकांश बदल दिये है। जो अति निन्दनीय व शर्मनाक भी है।

### देवरिया में बुलडोजर से रौंदा गया अवैध शराब का जखीरा

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया के सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र में अदालत के आदेश पर मंगलवार को 15386 लीटर अवैध शराब को बुलडोजर चला कर नष्ट किया गया। पुलिस अधीक्षक डा.श्रीपति मिश्र ने यहां बताया कि पुलिस ने पिछले दिनो आबकारी अधिनियम के तहत 234 मुकदमों को दर्ज कर भारी मात्रा में अवैध देशी व अंग्रेजी शराब की बरामदगी की थी और कई तस्करों को इस सिलसिले में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार आरोपी अदालत में आकर अपनी अपनी जमानत करा लिये हैं। उन्होने कहा कि अदालत के आदेश पर बरामद अवैध शराब जिसमें करीब 2500 लीटर देशी शराब और करीब 73200 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ कुल 15386 लीटर शराब को बुलडोजर लगाकर आज नष्ट करा दिया गया है।

### बागपत में बुजुर्ग ने की दो की दुनिया रोशन

बागपत। उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में एक बुजुर्ग दुनिया को अलविदा कहने के साथ दो नेत्रहीनों की दुनिया रोशन कर गये। कस्बा अग्रवाल मंडी टटीरी निवासी डा सुखबीर सिंह के पिता चौधरी शेर सिंह का 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। दृष्टिदूत अश्वनी मानव ने उनसे उनका नेत्रदान कराने का आग्रह किया जिस पर उनके सुपुत्र सुखबीर सिंह अपनी सहमति दे दी। अश्वनी मानव ने नेत्रदान समिति के चेयरमैन अभिमन्यु गुप्ता को फोन किया। इसके बाद उन्होंने आई बैंक की टीम को बुलाकर उनका नेत्रदान कराया। इसके तुरंत बाद सुष्मिता सांघी, डॉक्टर अरमान, डॉक्टर प्रखर अग्रवाल ने सुभारती में ले जाकर दो नेत्रहीन व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किया। नेत्रदान की कस्बे में प्रशंसा की जा रही है।

### शामली में मोटर पार्ट्स की दुकान में लगी आग

शामली। उत्तर प्रदेश में शामली जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को मोटर पार्ट्स की दुकान में आग लगने से लाखों का माल जल कर स्वाहा हो गया। दमकल विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली इलाके के पानीपत रोड पर स्थित प्राचीन गुलजारी वाले मंदिर के निकट में महादेव मोटर्स पार्ट्स की दुकान में आज सुबह भीषण आग लगने से हड़कम्प मच गया। आनन फानन दमकल विभाग को सूचना दी गई जिसके बाद दमकल की कई गाड़ियों ने आग पर काबू करने के प्रयास शुरू किए। बंद दुकान में आग लगने के कारण का अभी तक पता नही चल पाया है। आग से लाखों रुपयो के मोटर पार्ट्स जलकर राख हो गए है।

### होली पर रंग खेलते समय महिला की गिरी बाली तो गुस्साए पति ने दांत से काट ली नाक

**सौरिख (कन्नौज)।** कन्नौज जिले के सौरिख थाना क्षेत्र के कस्सा रामपुर गांव में रंग खेलते समय पत्नी के नाक की बाली गिरकर कहीं खो गई। जिससे गुस्साए पति ने मुंह से पत्नी की नाक काट ली। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको सीएचसी में भर्ती कराया। जहा से गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर किया गया है। थाना क्षेत्र के कस्सा रामपुर गांव निवासी दीपू बाथम की पत्नी नीतू होली के दिन करीबियों के संग होली खेल रही थी। इसी बीच उसकी नाक की बाली कहीं गिर गई। जानकारी मिलते ही पति ने पत्नी के साथ मारपीट कर दी। लोगों ने मामले को शांत करा दिया, लेकिन पति ने मंगलवार सुबह फिर पत्नी के साथ मारपीट करते हुए दांतों से नाक काट लया, जिससे पत्नी बेहोश होकर गिर पड़ी। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल महिला को सीएचसी में भर्ती कराया। वहां से महिला को मेडिकल कॉलेज तिर्वा के लिए रेफर कर दिया गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति दीपू के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सीएचसी से घायल महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज भेजा गया था। महिला के साथ केवल बच्ची आशिकी, चांदनी व कामिनी थीं। परिवार का कोई सदस्य साथ न होने से वह अस्पताल से लेकर थाने तक मेडिकल कॉलेज जाने के लिए भटकती रही। महिला ने बताया कि उसके पास किराए के लिए पैसा भी नहीं था। यह सुनकर पुलिस ने उसे किराया मुहैया कराया।

### सपा के लिए बढ़ सकती है परेशानी, चुनाव में खरीद फरोख्त को लेकर समर्थकों पर मुकदमा दर्ज

**सुलतानपुर।** स्थानीय प्राधिकारी सुलतानपुर-अमेठी चुनाव में खरीद-फरोख्त के आरोप में पुलिस ने सपा प्रत्याशी शिल्पा प्रजापति के पति समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र प्रताप सिंह की तहरीर पर की गई है। जगदीशपुर थाना क्षेत्र से दो दिन पूर्व सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हुआ था इसमें सपा जिला सचिव रामहेत यादव व जगदीशपुर विधानसभा अध्यक्ष इजहार अहमद के मध्य एमएलसी चुनाव में प्रधान और बीडीसी के खरीद फरोख्त की बात हो रही है। ऑडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो निवर्तमान एमएलसी व भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र सिंह ने इसे संज्ञान लिया। उन्होंने पुलिस में तहरीर दी कि यह पारदर्शी चुनाव के लिए सही नहीं है। पुलिस ने उनकी तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर,अनिल प्रजापति ने कहा कि राजनैतिक द्वेष भावना से प्रेरित होकर कार्रवाई की जा रही है। हमारे द्वारा इस प्रकार की कोई बात किसी से की ही नहीं गई है।

# योगी 24 मार्च को चुने जायेंगे विधायक दल के नेता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत हासिल करने वाली भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल की बैठक 24 मार्च को आहूत की गयी है, जिसमें कार्यवाहक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विधायक दल का नेता चुना जाना तय है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार 24 मार्च को नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक यहां स्थित लोक भवन में बुलायी गयी है। उत्तर प्रदेश की सत्ता में भाजपा की ताजपोशी की कवायद को पूरा कराने के लिये पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने केन्द्रीय पर्यवेक्षक के रूप में गृह मंत्री अमित शाह और सह पर्यवेक्षक के रूप में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को नामित किया है। शाह और दास भी 24 मार्च को विधायक दल की बैठक में उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि भाजपा ने चुनाव से पहले ही योगी को मुख्यमंत्री पद का दावेदार घोषित कर दिया था। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 24 मार्च को विधायक दल की बैठक से पहले ही योगी, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात कर भाजपा की ओर से सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। राज्यपाल द्वारा सरकार के गठन का आमंत्रण मिलने के बाद 25 मार्च को नवगठित योगी मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह होगा।

इस समारोह के लिये यहां स्थित अटल बिहारी वाजपेयी एकाना स्टेडियम में तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। गौरतलब है कि भाजपा की अगुवाई वाले गठबंधन ने 403 सदस्यों वाली विधानसभा के चुनाव में 273 सीट जीती हैं। इनमें भाजपा ने अकेले 255 सीट जीत कर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया।

उत्तर प्रदेश में 37 साल बाद किसी दल की लगातार दूसरी बार सरकार बनने



जा रही है। इतना ही नहीं, मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए खुद विधानसभा चुनाव लड़कर पार्टी एवं अपनी जीत सुनिश्चित करने वाले योगी, उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री होंगे। योगी ने गोरखपुर सदर सीट पर जीत दर्ज की है। इससे पहले 2007 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने विधानसभा चुनाव में खुद अपनी सीट तो जीत गये थे, लेकिन उनकी अगुवाई वाली समाजवादी पार्टी चुनाव हार गयी थी। बतौर मुख्यमंत्री, योगी ने अपना पहला कार्यकाल विधान परिषद सदस्य के रूप में पूरा किया। उन्होंने सोमवार को विधान परिषद के सदस्य के रूप में त्याग पत्र दे दिया। वह मुख्यमंत्री बनने के बाद 08 सितंबर 2017 को विधान परिषद के सदस्य चुने गये थे।

### योगी ने विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दिया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में संपन्न हुए विधान सभा चुनाव में विधायक चुने जाने के बाद विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। योगी अपने पिछले कार्यकाल में विधान मंडल के उच्च सदन (विधान परिषद) के सदस्य के रूप में मुख्यमंत्री पद पर कार्य किया था।

विधान परिषद के प्रमुख सचिव डा राजेश सिंह की ओर से सोमवार को देर रात जारी बयान में यह जानकारी दी गयी है। योगी ने सोमवार को देर शाम विधान परिषद के सभापति कुंअर मानवेन्द्र सिंह को अपना इस्तीफा भेज दिया, जिसे तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया गया। डा सिंह ने बताया कि विधान परिषद की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 233 के तहत सदन में योगी का स्थान मंगलवार से रिक्त घोषित कर दिया गया।

गौरतलब है कि गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से लगातार पांच बार सांसद चुने गये योगी ने विधानसभा चुनाव में गोरखपुर सदर सीट से जीत दर्ज की। इससे पहले 2017 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आठ सितंबर 2017 को विधान परिषद के सदस्य चुने गये थे।

वह उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए विधानसभा चुनाव लड़ा, और चुनाव जीत कर दोबारा सत्ता पर काबिज हुए हों।

विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लगातार दूसरी जीत के बाद योगी आगामी 25 मार्च को एक बार फिर मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करेंगे। पार्टी ने इस चुनाव में उन्हें मुख्यमंत्री पद के दावेदार के रूप में भी पेश किया था। उनकी अगुवाई में लड़े गये चुनाव में भाजपा ने 403 सदस्यीय विधानसभा की 255 सीटें जीत कर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया।

# विधायक बने रहेंगे अखिलेश और आजम, सांसद पद छोड़ा

**नयी दिल्ली/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के हाल ही में संपन्न हुए विधान सभा चुनाव में मैनपुरी की करहल सीट से विधायक चुने गये समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। अखिलेश ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

अखिलेश, 2019 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ संसदीय क्षेत्र से सांसद चुने गये थे। उनके अलावा रामपुर लोकसभा सीट से पार्टी के सांसद आजम खान ने भी बिरला को अपना इस्तीफा भेज दिया है। सपा



के प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने अखिलेश और आजम के इस्तीफे की पुष्टि करते हुए बताया कि पार्टी नेतृत्व के सुझाव पर दोनों नेताओं ने विधानसभा की सदस्यता को बरकरार रखने का फैसला किया है। अखिलेश और आजम ने लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर स्पष्ट संकेत दिया है कि वे अब उत्तर प्रदेश के मुद्दों को राज्य विधानसभा से उठाकर सूबे की सियासत पर ही फोकस करेंगे। सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान ने जेल से ही विधानसभा चुनाव लड़कर रामपुर सदर सीट से जीत दर्ज की है। विभिन्न आपराधिक मामलों में आरोपी बनाये गये आजम, न्यायिक जांच का सामना करते हुए इन दिनों जेल में बंद हैं।

अखिलेश ने पहली बार विधानसभा चुनाव लड़कर करहल सीट पर अपने प्रतिद्वंद्वी के रूप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार और केन्द्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल को हराया। अखिलेश, इससे पहले 2012 से 2017 तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते हुए विधान मंडल के उच्च सदन विधान परिषद के सदस्य थे।

विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद सियासी गलियारों में पुरजोर चर्चा थी कि अखिलेश विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर लोकसभा से ही उत्तर प्रदेश के मुद्दों को उठायेंगे। बीते दिनों होली पर करहल में आयोजित सपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में भी अखिलेश से उनके समर्थकों ने विधानसभा की सदस्यता को बरकरार रखने की मांग की थी।

### बरेली के लूथरा प्लाजा में लगी भीषण आग

**बरेली।** यूपी के बरेली में लूथरा प्लाजा में शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग लगते ही रेस्टोरेंट में चीख-पुकार मच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की खबर से अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में फायर बिग्रेड गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे के की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस दौरान रेस्टोरेंट में कई लोग फंसे रहे, जिन्हें रस्सी के सहारे बाहर निकाला गया। मॉडल टाउन के रहने वाले सुरेंद्र लूथरा की डीडीपुरम लूथरा के नाम से बिल्डिंग है।

# हंगामे और विवाद के बीच भाजपा के तीन एमएलसी निर्विरोध बनने तय

एजेंसी

आगरा। उत्तर प्रदेश भर में हंगामे और विवाद के बीच एमएलसी चुनाव के स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन में भाजपा के तीन एमएलसी निर्विरोध बनने तय हो गए हैं।

एटा-मथुरा-मैनपुरी की दो सीटों पर सपा प्रत्याशियों से मारपीट व पर्चे खारिज होने से केवल दो भाजपा प्रत्याशी ही मैदान में बचे, जबकि बुलंदशहर-गौतमबुद्धनगर सीट पर भी भाजपा प्रत्याशी ही रह गए हैं। इसके अलावा आगरा-फिरोजाबाद, मेरठ, सहारनपुर, बस्ती और देवरिया सीट पर भी दिन भर गहमागहमी रही। बुधवार को नाम वापसी का दिन है।

एटा में नाटकीय घटनाक्रम के बाद एटा-मथुरा-मैनपुरी की दो सीटों से सपा के एमएलसी प्रत्याशियों सहित तीन के पर्चे खारिज हो गए। रिटर्निंग अफसर ने सपा प्रत्याशियों के शपथ पत्र गलत प्रारूप में भरने का कारण बताते हुए इसे खारिज किया है। इसके अलावा सुभासपा प्रत्याशी का पर्चा भी खारिज हो गया।

अब भाजपा प्रत्याशियों ओमप्रकाश सिंह और आशीष यादव उर्फ आशू का एमएलसी चुना जाना तय हो गया है। उधर बुलंदशहर में रालोद प्रत्याशी सुनीता शर्मा ने अपना पर्चा वापस ले लिया, जबकि दो निर्दलीय प्रत्याशियों के पर्चे निरस्त कर दिए गए। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी नरेन्द्र भाटी का निर्विरोध एमएलसी बनना तय हो गया है। वे 2017 में समाजवादी पार्टी से एमएलसी थे। वहीं आगरा-फिरोजाबाद सीट पर भाजपा और सपा समेत छह प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होना है। मेरठ में आठ निर्दलीय प्रत्याशियों का नामांकन निरस्त करने के बाद अब भाजपा-सपा समेत छह प्रत्याशी मैदान में है। उधर सहारनपुर में भाजपा और सपा समेत पांचों नामांकन पत्र सही पाए गए। यहां बुधवार को नाम वापसी के बाद तस्वीर साफ होगी। बस्ती में भाजपा, सपा सहित तीन उम्मीदवारों के पर्चे दाखिल हुए हैं। बस्ती सीट पर भाजपा से भाजयुमो के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष यदुवंश प्रत्याशी हैं।

# किशोरी को कमरे में बंद कर चार युवकों ने रातभर किया रेप, पुलिस बोली-प्रेम प्रपंच का मामला है

**कछवां (मिर्जापुर)।** यूपी के मिर्जापुर में किशोरी को मिलने के लिए बुलाकर गैंगरेप करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। किशोरी के प्रेमी ने उसे बुलाया और अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर रेप किया। किशोरी की तहरीर पर पुलिस चार आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

तीन आरोपितों को हिरासत में ले लिया गया है। एक की तलाश हो रही है। किशोरी को मेडिकल के लिए भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। प्रेम प्रपंच का मामला है। मेडिकल रिपोर्ट पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कछवां थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी का एक युवक से प्रेम प्रमंच चल रहा था। प्रेमी ने किशोरी को सोमवार की रात मिलने के बहाने को बुलाया। प्रेमिका को उसका प्रेमी बाइक से वाराणसी के रोहनिया थाना क्षेत्र के तिलंगा गांव स्थित अपने मित्र के मुर्गी फार्म हाउस पर लेकर चला गया।

किशोरी का आरोप है कि उसे एक कमरे में बंद कर दिया गया। इसके बाद चारों ने उसके साथ रेप किया। रात भर उसे कमरे में बंदकर रखा गया। आरोपियों ने मंगलवार की सुबह उसे छोड़ा।

किसी तरह वह घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। उसकी बातें सुनते ही परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई।

किशोरी को लेकर परिजन कछवां थाने पहुंचे। किशोरी की तहरीर पर आरोपित प्रेमी के साथ ही चुनार कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर माफी गांव निवासी फिरोज उसके मित्र विकास व धनैता गांव निवासी धर्मेंद्र के खिलाफ रेप समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

किशोरी को मेडिकल के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने तीन आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कछवां थानाध्यक्ष रामस्वरुप वर्मा ने बताया कि प्रेम प्रपंच का मामला है। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। चौथे आरोपित की तलाश की जा रही है। पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पेयजल के लिये पदयात्रा करना इस गांव के लोगों की है मजबूरी

इटावा। दुर्लभ घडियाल, मगरमच्छ समेत तमाम जलचरो का आशियाना चंबल नदी के किनारे बसे उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के सहसो गांव के हजारो लोग सदियों से मीठे पानी के लिये हर रोज करीब एक किमी की पदयात्रा करने को मजबूर हैं।

ग्रामीण महिलाएं को खाना बनाने व पीने के लिए चंबल नदी अथवा गांव के बाहर डाल्फिन परियोजना विश्राम गृह के वोर वेल से मीठा पानी लाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार ने पेयजल की समस्या निस्तारण के लिए भले ही तमाम प्रयास किए हों लेकिन उनके गांव में कोई वैकल्पिक व्यवस्था शासन प्रशासन ने नहीं की है। बरसात के समय नदी में बाढ़ आने के दौरान पेयजल का अभूतपूर्व संकट खड़ा हो जाता है।

ग्रामीणों को गांव के बाहर एक किलोमीटर दूर जाकर बिजली चलित मोटर पंपों से पानी लाना होता है, बिजली ना आने पर घंटों इंतजार करना पड़ता है। गरीब तबके के लोगों को पेयजल की ज्यादा समस्या का सामना करना पड़ता है। सामान्य वर्ग के लोग मोटरसाइकिल से अपने लिए पानी सुबह लाकर रख लेते हैं। गरीब तबके के लोग चंबल का ही पानी घरों में प्रयोग करने को मजबूर हैं।

राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण की संरक्षित नदी में सैकड़ों की संख्या में घातक खूंखार मगरमच्छ व घड़ियालों का कुनबा पानी में घूमते रहता है फिर भी ग्रामीण नदी के पानी में जाकर मौत के दरिया से पीने का पानी लाते हैं।



पुरातन जल स्त्रोत कुंआ रखरखाव के अभाव में ध्वस्त हो गए। ग्रामीण हादसों से बचने के लिए कटीले तार की घेराबंदी या फिर अन्य तरीकों से ढक दिया है। हैंडपंपों का दौर आने पर लोगों ने बिजली चलित मोटर से घरों में लगवा ली। कुआं से पानी खींचने का सिस्टम धीरे-धीरे विलुप्त ही हो गया। आधुनिकता के दौर में मीठा ठंडा स्वच्छ पानी देने वाले पुरातन जल स्त्रोत आज की स्थिति में पूर्णतया समाप्त हो चुके हैं। कोई भी व्यक्ति रस्सी बाल्टी से पानी खींचने का झंझट में नहीं पड़ना चाहता।

ग्राम पंचायतों ने पुरातन जल स्त्रोतों के रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया। आधुनिक तौर पर हेड पंपों पर जलापूर्ति का ध्यान देने से कुंओं के अस्तित्व खत्म हो गये। तीन हजार से अधिक आबादी वाले गांव में कई दशकों से गांव का ही ग्राम प्रधान चुना जाता है। वर्तमान में गांव की महिला ग्राम प्रधान है। चकरनगर क्षेत्र द्वितीय से गांव के ही युवा जिला पंचायत सदस्य हैं। यही नहीं वर्तमान ग्राम प्रधान के दामाद बसपा एमएलसी भीमराव अंबेडकर भी मीठे पानी की गांव वालो की दरकार को पूरा नही कर पाये है।

ग्राम पंचायत स्तर से क्षेत्र के निकटवर्ती गांव में आरओ सिस्टम लगवाए गए लेकिन गांव में जरूरत होने के बावजूद भी आरओ सिस्टम की स्थापना नहीं करवाई गई। वर्तमान ग्राम प्रधान सोना देवी कहती हैं कि जल्द ही में ग्राम पंचायत स्तर से गांव में पेयजल की व्यवस्था की जायेगी

क्षेत्र में सरकार की मंशा घर घर नल की टोटी धरातल पर उतारने में कितना वक्त लगेगा यह समय के गर्त में ही छुपा हुआ है। केंद्र सरकार हर जगह शुद्ध निर्मल पेयजल पहुंचाने के लिए परियोजना चालू की गई है लेकिन गांव में कब पहुंचेगी और ग्रामीणों को पेयजल की आपूर्ति हो सकेगी।

सहसो गांव की श्रीमती सोमवती का कहना है कि सारी उम्र गुजर गई, गांव के जलश्रोत से मीठा पानी का सपना अधूरा ही रह गया है। मौत के दरिया से पानी आने पर घरों में दाल पक रही है।

खारा पानी होने के कारण खाना बनाने के लिए नदी का पानी या गांव के बाहर स्थित जल स्त्रोतों से पानी लाना कब आदत में बन गयी है। इसी गांव की श्रीमती लज्जावती का कहना है कि सरकारें भी आकर तमाम विकास कर गई लेकिन सहसो गांव में मीठे पानी की समस्या का समाधान किसी ने नहीं कर पाया हमारी आने वाली नई पीढ़ी भी आज मीठे पानी की समस्या ग्रस्त है जोकि बहुत बड़ा दुर्भाग्य है।

सहसो गांव की ही उषा देवी का कहना है कि सुबह उठकर सबसे पहली चिंता घर में मीठे पानी की होती है जिससे कि चूल्हा जल सके और खाना बन सके। गांव के बाहर मीठे पानी का स्त्रोत है या फिर चंबल नदी जिससे हर मौसम में पानी लाकर खाना बनाया जा सकता है। चंबल नदी का बहुत बड़ा सहारा है नहीं तो गांव के घरों में खाना बनना मुश्किल हो जाये।

चकरनगर के खंड विकास अधिकारी सतीश चंद्र पांडे ने बताया कि गांव की पेयजल समस्या की मुझे जानकारी नहीं है। ग्राम पंचायत स्तर पर बात करके शीघ्र ही गांव में वैकल्पिक तौर पर गर्मी के चलते पेयजल समस्या का समाधान किया जाएगा जिससे कि ग्रामीणों को पेयजल की समस्या का सामना ना करना पड़े।

चंबल घाटी समग्र विकास आंदोलन के अध्यक्ष सुल्तान सिंह चौहान ने बताया सहसों गांव में पेयजल के लिए प्रशासन को गहरी बोरिंग कराकर मीठे जल स्त्रोत से पानी उपलब्ध कराना होगा। तभी घरों में पेयजल समस्या का समाधान होगा।

उन्होंने कहा कि ओवरहेड टैंक बनवाकर भी घरों में पानी की सप्लाई की जा सकती है।

# कारोबारी का सर कूंचकर हत्या, जलाने की भी कोशिश

### शव को कब्जे में लेने को लेकर पुलिस से नोकझोंक



**वाराणसी।** वाराणसी के लॉन संचालक की जौनपुर में हत्याकर शव को जलाने की कोशिश की गई है। सनसनीखेज वारदात से वाराणसी के कारोबारियों का गुस्सा फूट पड़ा। कारोबारियों और परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। शव को कब्जे में लेने के लिए पुलिस और कारोबारियों के बीच नोकझोंक भी हुई। कारोबारियों का कहना है कि मौके पर पुलिस कमिश्नर और डीएम आएं और हत्यारों की गिरफ्तारी का आश्वासन दें। पुलिस कारोबारियों को मनाने की कोशिश में जुटी है। जौनपुर के केराकत में सोमवार को वाराणसी के पहड़िया निवासी लॉन संचालक 42 वर्षीय बृजेश सिंह का शव बरामद किया गया था। शरीर पर ईंट से ताबड़तोड़ कई वार करने के निशान मिले। पहचान छिपाने के लिए चेहरे पर भी ईंट से कई वार किए गए थे। शव को जलाने का भी प्रयास किया गया। पुलिस को शव के पास से कोई ऐसा कागजात नहीं मिला जिससे पहचान हो सके। मंगलवार की सुबह अखबारों में खबर छपने के बाद बृजेश के परिजन केराकत कोतवाली पहुंचे। छोटे भाई कमलेश सिंह ने बताया कि बृजेश लॉन का संचालन करते थे। रविवार की दोपहर लॉन में बुकिंग होने के कारण शाम में साढ़े आठ बजे स्कूटी से घर आए। फोन कर अपनी कार मंगाई और घर से निकल गए। देर रात तक नहीं लौटने पर परिजनों ने लालपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। मंगलवार की सुबह बृजेश की हत्या की जानकारी मिलने पर दर्जनों की संख्या मे लोग केराकत कोतवाली पहुंचे। जौनपुर मोर्चरी हाउस में शव देख पहचान की। केराकत कोतवाल लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि घटनास्थल सोहनी से वाराणसी जाने वाली सड़क पर लगे तीन सीसीटीवी की पड़ताल से पता चला कि कार बनारस की तरफ से आई और आधे घंटे बाद वापस लौट गई। फिलहाल यह पता नहीं चल सका कि बृजेश की हत्या क्यों की गई। इस बीच व्यापारी की वैगनआर कार जली हुई अवस्था में शंकरपुर गौरा रिंग रोड पर बरामद हुई। इधर वाराणसी में कारोबारी की हत्या से आक्रोशित व्यापारियों ने पहड़िया चौराहे के आसपास की दुकानें बंदकर हत्यारों की गिरफ्तारी व हत्या के कारणों के खुलासे की मांग करने के साथ पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

## शार्ट न्यूज

### टाटा के व्यावसायिक वाहन होंगे ढ़ाई फीसद तक महंगें

नयी दिल्ली। बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स ने अपने व्यावसायिक वाहनों की कीमतों में एक अप्रैल 2022 से दो से ढ़ाई फीसद तक की बढोतरी करने की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह बढोतरी वाहनों के मॉडल और संस्करण पर निर्भरता है। उसने कहा कि स्टील, अल्युमिनियम और अन्य धातुओं के साथ अन्य माल की लागत में हो रही बढोतरी के कारण उसे व्यावसायिक वाहनों की कीमतों में बढोतरी करनी पड़ रही है। उसने कहा कहा कि हालांकि लागत में हो रही बढोतरी को विनिर्माण के चरण में वहन करने की कोशिश की गयी है लेकिन कुल लागत में हो रही भारी वृद्धि के कारण कीमतों में मामूली बढोतरी की जा रही है।

### कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य 4,750 रुपए प्रति क्विंटल तय

नयी दिल्ली। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने मंगलवार को 2022-23 सीजन के लिए कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 4,750 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने मंगलवार को अगले सीजन के लिए कच्चे जूट के एमएसपी को मंजूरी दी। यह मंजूरी कृषि लागत और मूल्य आयोग की सिफारिशों पर आधारित है। विज्ञप्ति में कहा गया है, 'वर्ष 2022-23 सीजन के लिए कच्चे जूट (टीडीएन3 के समतुल्य से टीडी5 ग्रेड) का न्यूनतम समर्थन मूल्य 4750/- रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। यह जूट उत्पादन की अखिल भारतीय भारित औसत लागत पर 60.53 प्रतिशत का फायदा सुनिश्चित करेगा। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कृषि लागत और मूल्य आयोग की सिफारिशों के आधार पर यह फैसला लिया गया और यह उत्पादन की अखिल भारतीय भारित औसत लागत पर 60.53 प्रतिशत का फायदा सुनिश्चित करेगा। मंत्रालय ने कहा है कि 2022-23 के लिए जूट का घोषित एमएसपी बजट 2018-19 में सरकार द्वारा घोषित उत्पादन की अखिल भारतीय भारित औसत लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर एमएसपी तय करने के उठाए गए कदम के अनुरूप है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह निर्णय जूट उत्पादकों को बेहतर पारिश्रमिक का लाभ सुनिश्चित करने और गुणवत्ता वाले जूट फाइबर को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रगतिशील कदम है। विज्ञप्ति में कहा गया कि भारतीय जूट निगम (जेसीआई) मूल्य समर्थन को लेकर केंद्र सरकार की नोडल एजेंसी के रूप में अपना काम जारी रखेगा और इस तरह के संचालन में किसी प्रकार का नुकसान होने पर केंद्र सरकार पूरी तरह से उसका भुगतान करेगी।

### गरीबी-मुक्त भारत के लिए द/नज इंस्टीट्यूट की घोषणा

बेंगलूरु। गरीबी मुक्त भारत के सपने को साकार करने की दिशा में महत्ती भूमिका निभाने के उद्देश्य से द/नज फाउंडेशन ने अपनी तरह का पहला विकास कार्य संस्थान, द/नज इंस्टीट्यूट शुरू करने की घोषणा की है। फाउंडेशन ने यहां जारी बयान में कहा कि यह संस्थान ''हमारे जीवनकाल में, गरीबी मुक्त भारत'' के साझा दृष्टिकोण की दिशा में सरकार, विभिन्न उद्योगों और नागरिक समाज के साथ मिलकर काम करेगा। 30 से अधिक संस्थापक संगठनों और प्रमुख समर्थकों के विविध समूह इस दृष्टिकोण को सक्षम करने के लिए साथ आए हैं, जिनमें एमफैसिस, केपीएमजी, ज़ी, ओमिडयार इंडिया, बिन्नी बंसल (फ्लिपकार्ट के पूर्व सह-संस्थापक), प्रशांत प्रकाश (एस्सेल पार्टनर्स), विद्युत आत्रे (मीशो) और हरि मेनन (बिग बास्केट) शामिल हैं। रेनाना झाबवाला (सेवा भारत) और समित घोष (उज्जीवन) द/नज इंस्टीट्यूट सलाहकार बोर्ड में काम करेंगे और संस्थान को आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन करेंगे।

### अधिकांश कर्मचारियों को डिजिटली तैयार होने के लिए प्रशिक्षिण की जरूरत

नयी दिल्ली। देश में कोरोना महाम रियल्टी कंपनी पर छापा, 25 करोड़ की नकदी और 5 करोड़ के आभूषण जब्त, 11 लॉकर सीज नयी दिल्ली 22 मार्च (वार्ता) आयकर विभाग ने उत्तर भारत के एक प्रमुख रियल्टी कंपनी के यहां की गयी छापेमारी में 25 करोड़ रुपये की अघोषित नकदी के साथ ही पांच करोड़ रुपये के आभूषण भी जब्त किये हैं। इसके अतिरिक्त 11 लॉकर के परिचालन पर रोक लगा दी गयी है। विभाग ने आज यहां बताया कि गत 14 मार्च को यह छापेमारी एक साथ दिल्ली एनसीआर, चंडीगढ़, लुधियाना, लखनऊ और इंदौर में एक साथ 45 परिसरों पर यह छापेमारी की गयी थी। इस दौरान बड़े पैमाने पर साक्ष्यों की हार्ड कॉपी के साथ ही डिजिटल डेटा भ पाये गये हैं। जब्त किये गये साक्ष्यों से यह पता चला है कि यह समूह पिछले 10 वर्षों से अधिक समय से ग्राहकों से नकद में भुगतान स्वीकार किया है। कंपनी के प्रमुख कर्मचारियों और विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने समूह के कारोबार संचालन के बारे में बताया और ग्राहकों द्वारा नकदी भुगतान स्वीकार किये जाने के बारे में भी बताया। कंपनी द्वारा इस तरह से तीन हजार करोड रुपये से अधिक की राशि जुटाने के साक्ष्य मिले हैं। साक्ष्यों से यह भी पता चला है कि कंपनी ने किन किन निवेशकों ने 450 करोड़ रुपये की नकद ऋण लिया है। उल्लेखनीय है कि विभाग ने गौर संस के साथ ही कई रियल्टी कंपनियों के विरूद्ध हाल ही में छापेमारी की है लेकिन विभाग ने अपने इस बयान में किसी समूह का नाम नहीं बताया है।

### 137 दिनों बाद पेट्रोल डीजल हुआ महंगा

नयी दिल्ली। रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग के कारण वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में आयी तेजी के साथ ही डॉलर की तुलना में रूपये पर बने दबाव की वजह से आज देश में तेल विपणन करने वाली कंपनियों ने 137 दिनों के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढोतरी की है। राजधानी दिल्ली में दन दोनों ईंधनों की कीमतों में 80-80 पैसे प्रति लीटर की गयी है। इस बढोतरी के बाद राजधानी में पेट्रोल 80 पैसे की बढ़त के साथ 96.21 रुपये रुपये प्रति लीटर और डीजल 80 पैसे बढ़कर 87.47 रुपये प्रति लीटर हो गया है। मुंबई में पेट्रोल 84 पैसे की बढ़त के साािा 110.82 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 82 पैसे चढ़कर 95 रुपये प्रति लीटर हो गया है। चेन्नई में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 76-76 पैसे की बढ़त हुयी है और यह क्रमश- 102.16 रुपये प्रति लीटर और 92.19 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। इसी तरह कोलकाता में पेट्रोल 84 पैसे चढ़कर 105.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल 83 पैसे उठकर 90.62 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है। केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमश: पांच और 10 रुपये घटाने की घोषणा के बाद 04 नवंबर 2021 को ईंधन की कीमतों में तेजी से कमी आई थी। इसके बाद राज्य सरकार के मूल्य वर्धित कर (वैट) कम करने के फैसले के बाद राजधानी दिल्ली में भी वैट को कम करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद राजधानी में 02 दिसंबर 2021 को पेट्रोल लगभग आठ रुपये सस्ता हुआ था। डीजल की कीमतें हालांकि यथावत रही थी। इसके बाद उत्तर प्रदेश और पंजाब सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों का ऐलान होने के मद्देनजर इनकी कीमतों में बढोतरी नहीं की जा रही थी। इसीबीच रूस ने यूक्रेन पर हमला कर दिया जिसके कारण वैश्विक स्तर पर तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बाधित होने की आशंका में इनकी कीमतों में उछाल आया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चा तेल इसके कारण 13 वर्षों के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुका है और अभी भी यह 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास ही चल रहा है। यूरोप और अमेरिका द्वारा रूस पर प्रतिबंध लगाये जाने के बीच देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कार्पोरेशन ने हाल ही में रूस से कच्चे तेल की खरीद की है। रूस अभी अन्य तेल उत्पादक देशों की तुलना में कम कीमत पर कच्चे तेल की बिक्री कर रहा है। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की नित्य प्रतिदिन समीक्षा होती है और उसके आधार पर प्रतिदिन सुबह छह बजे से नये कीमतें लागू की जाती हैं।

# लौटी तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी से अधिक की तेजी

मुंबई। वैश्विक स्तर से मिले सकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर एनर्जी, तेल एवं गैस, आईटी, टेक और बैंकिंग जैसे समूहों में हुयी लिवाली के बल पर शेयर बाजार में तेजी रही जिससे सेंसेक्स 1.22 प्रतिशत और निफ्टी 1.16 प्रतिशत की तेजी बनाने में सफल रहा।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 696.81 अंकों की बढ़त के साथ 57989.30 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 197.90 अंकों की तेजी के साथ 17315.50 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तुलना में छोटी और मझौली कंपनियों में लिवाली सुस्त रही जिससे बीएसई का मिडकैप मात्र 0.17 प्रतिशत उठकर 23701.38 अंक पर और स्मॉलकैप 0.15 प्रतिशत बढ़कर 27852.64 अंक पर रहा।

बीएसई में शामिल समूहों में से एनर्जी 1.96 प्रतिशत, तेल एवं गैस 1.94 प्रतिशत, आईटी 1.93 प्रतिशत, टेक 1.76 प्रतिशत, बैंकिंग 1.07 प्रतिशत, ऑटो 1.05प्रतिशत और वित्त 0.89 प्रतिशत की बढ़त में रहने वाले समूहों में प्रमुखता से शामिल है। रियल्टी 1.06 प्रतिशत, सीडी 0.47 प्रतिशत, हेल्थकेयर 0.47 प्रतिशत और एफएमसीजी 0.71 प्रतिशत की गिरावट में रहा।

बीएसई में कुल 3513 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 1780 लाल निशान में और 1629 हरे निशान में रही। 104 में कोई बदलाव नहीं हुआ।




वैश्विक स्तर पर अधिकांश प्रमुख सूचकांक बढ़त में रहे जिसमें हांगकांग का हैंगसेंग 3.15 प्रतिशत, जापान का निक्केई 1.48 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.86प्रतिशत, ब्रिटेन का एफटीएसई 0.55 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.19 प्रतिशत शामिल है।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स मामूली पांच अंकों की बढ़त के साथ 57297.57 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में यह 56930.30 अंक के निचले स्तर तक उतरा लेकिन इसके बाद शुरू हुयी लिवाली के बल पर यह 58052.87 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। अंत में यह पिछले दिवस के 57292.49 अंक की तुलना में 1.22 प्रतिशत अर्थात 696.81 अंक चढ़कर 57989.30 अंक पर रहा।

एनएसई का निफ्टी तीन अंकों की बढ़त के साथ 17120.40 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 17006.30 अंक के निचले और 17334.40 अंक के उच्चतम स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 17117.60 अंक की तुलना में 197.90 अंक अर्थात 1.16 प्रतिशत बढ़कर 17315.50 अंक पर रहा।

निफ्टी में शामिल कंपनियों में से 42 हरे निशान में और आठ लाल निशान में रही।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टेक महिंद्रा 3.83 प्रतिशत, रिलायंस 2.59 प्रतिशत, आईटीसी 2.21 प्रतिशत, टीसीएस 2.09 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 2.0 प्रतिशत, कोटक बैंक 1.88 प्रतिशत, इंफोसिस 1.87 प्रतिशत, पावरग्रिड 1.85 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस 1.67 प्रतिशत, विप्रो 1.62 प्रतिशत, इंड्सइंड बैंक 1.57 प्रतिशत, एयरटेल 1.40 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक 1.15 प्रतिशत, एलटी 1.0 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 0.78 प्रतिशत, मारूति 0.78 प्रतिशत, एचसीएल टेक 0.71 प्रतिशत, स्टेट बैंक 0.67 प्रतिशत, डॉ रेड्डीज 0.63 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक 0.57 प्रतिशत, एचडीएफसी 0.48 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट 0.27 प्रतिशत, टाइटन 0.26 प्रतिशत, महिंद्रा 0.20 प्रतिशत, एशियन पेंट्स 0.20प्रतिशत और टाटा स्टील 0.02 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

गिरावट में रहने वालों में हिन्दुस्तान यूनिलीवर 2.81 प्रतिशत, नेस्ले इंडिया 2.49 प्रतिशत, एनटीपीसी 0.08 प्रतिशत और सनफार्मा 0.06 प्रतिशत शामिल है।

# अधिकांश कर्मचारियों को डिजिटली तैयार होने के लिए प्रशिक्षिण की जरूरत

नयी दिल्ली। देश में कोरोना महामारी के कारण नौकरी में हुए परिवर्तनों के अनुरूप ढलने के लिए अधिकांश कर्मचारियों को ज्यादा डिजिटल कौशल, क्षमता तथा ज्ञान की जरूरत महसूस हो रही है ताकि वे कार्यस्थल पर डिजिटल टेक्नॉलॉजी का इस्तेमाल कर सकें। एमेजन डॉटकॉम की सहायक कंपनी एमेजन वेब सर्विसेज़ इंक (एडब्लूएस) की एक नयी रिपोर्ट में कहा गया है कि 95 फीसद भारतीय कर्मचारियों को कार्यस्थलों पर डिजिटल टेक्नॉलॉजी के इस्तेमाल के लिए प्रशिक्षित किये जाने की जरूरत है। इसके कहा गया है कि भारत में डिजिटल कौशल की जरूरत वाले कर्मचारियों की संख्या अगले एक साल में 2/73 करोड़ बढ़ जाएगी, जो भारत में कार्यबल के 7 प्रतिशत के बराबर होगा। इसके बावजूद, भारत में केवल 45 प्रतिशत रोजगारदाताओं ने ही प्रशिक्षण योजना का क्रियान्वयन किया है, जिससे उत्पादकता, इनोवेशन और एम्प्लॉई रिटेंशन जैसे क्षेत्रों में उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता पर असर पड़ेगा।

बिल्डिंग डिजिटल स्किल्स फॉर द चेंजिंग वर्कफोर्स रिपोर्ट, स्ट्रेट्जी एंड इकॉनॉमिक्स कंसल्टिंग फर्म, एल्फाबीटा द्वारा तैयार की गई है और एडब्लूएस द्वारा जारी की गई है। इसमें भारत में टेक्नॉलॉजी और नॉन-टेक्नॉलॉजी के पदों पर काम करने वाले 1,012 कर्मचारियों और 303 रोजगारदाताओं का सर्वेक्षण किया गया, जिसमें विभिन्न आकार व उद्योगों के पब्लिक, प्राईवेट, और नॉनप्रॉफिट सेक्टर्स का प्रतिनिधित्व रहा। रिपोर्ट में यह पाया गया कि क्लाउड-बेस्ड टूल्स, जैसे क्लाउड डेवलपर टूल्स और ऑनलाईन सहयोग, अकाउंटिंग, एवं कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट (सीआरएम) सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करने की क्षमता 2025 तक रोजगारदाताओं द्वारा सबसे ज्यादा मांग में होगी, जिसके बाद टेक्निकल सपोर्ट स्किल्स और साईबरसिक्योरिटी स्किल्स का स्थान आएगा। इसमें ज्यादा आधुनिक क्लाउड कंप्यूटिंग स्किल्स की जरूरत भी सामने आई, जिसमें मशीन लर्निंग और क्लाउड आर्किटेक्चर डिज़ाईन शामिल हैं, जो 2025 तक भारत में रोजगारदाताओं द्वारा पाँचवें और छठवें सबसे ज्यादा मांग वाले डिजिटल कौशल हैं। ये कौशल हैल्थकेयर से लेकर कृषि, फिनटेक से लेकर मीडिया और एंटरटेनमेंट तक अनेक व्यवसायों में काफी ज्यादा मांग में रहेंगे।

भारत के 63 प्रतिशत कर्मचारियों को महसूस होता है कि 2025 तक उन्हें अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए क्लाउड से संबंधित स्किल्स में प्रशिक्षण की जरूरत होगी। इन कर्मचारियों में वे शामिल हैं, जिन्हें महसूस होता है कि उन्हें क्लाउड संबंधित कौशल में प्रशिक्षण की जरूरत है, 45 प्रतिशत को लगता है कि उन्हें यह सीखने की जरूरत है कि उनके काम में क्लाउड आधारित टूल्स का उपयोग कैसे किया जाए और 24 प्रतिशत कर्मचारियों को महसूस होता है कि उन्हें ऑन-प्रेमाईज़ सुविधाओं को क्लाउड में ले जाने के लिए प्रशिक्षण की जरूरत होगी, तथा 32 प्रतिशत यह मानते हैं कि उन्हें क्लाउड आर्किटेक्चर डिज़ाईन कौशल की जरूरत होगी। जो रोजगारदाता कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों द्वारा सहयोग करते हैं, उन्हें इसके बड़े फायदे मिलते हैं। इनमें से 92 प्रतिशत ने कर्मचारियों की बेहतर उत्पादकता दर्ज की, 92 प्रतिशत ने बताया कि वो अपने डिजिटाईज़ेशन के लक्ष्यों को तेजी से ट्रैक कर पाए और 92 प्रतिशत की लागत में कमी आई। 90 प्रतिशत का एम्प्लॉई रिटेंशन बढ़ा और 91 प्रतिशत के राजस्व में वृद्धि हुई।

## खाद्य तेलों में नरमी, जिंसों में टिकाव

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में नरमी रही। इस दौरान चना दाल और मसूर दाल में भी सुस्ती रही जबकि मीठे और अनाज के बाजार में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 132 रिंगिट चढ़कर 6248 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.44 सेंट की तेजी के साथ 73.73 सेंट प्रति पौंड बोला गया

स्थानीय स्तर पाम ऑयल 147, मूंगफली तेल 366 रुपये, सरसों तेल 367 रुपये और सोया रिफाइंड 47 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। इस दौरान वनस्पति और सूरजमुखी तेल में टिकाव रहा।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चीनी 40 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई जबकि गुड़ के भाव में टिकाव रहा।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान चना 50 रुपए, चना दाल 50 रुपए और मसूर दाल 100 रुपये प्रति क्विंटल टूट गयी। उड़द दाल, मूंग दाल और अरहर दाल के भाव टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भी टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल में टिकाव रहा। दाल-दलहन : चना 4700-4800,दाल चना 5800-5900, मसूर काली 8700-8800, मूंग दाल 8750-8850, उड़द दाल 9400-9500, अरहर दाल 8100-8200 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2290-2390 रुपये और चावल ॑2600-2700 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 3680-3780, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 3100-3200 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल : सरसों तेल 19413 रुपये, मूंगफली तेल 20000 रुपये, सूरजमुखी तेल 18901 रुपये, सोया रिफाइंड 17875 रुपये, पाम ऑयल 16556 रुपये और वनस्पति तेल 17948 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## रुपये की स्थिरता बनाए रखने में समर्थ सिद्ध होगा भारत : दास

मुंबई। रुपये की विनिमय दर में गिरावट की बढ़ती चिंता के बीच भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि भारत अपनी मुद्रा रुपये की स्थिरता को बनाए रखने में सक्षम सिद्ध होगा।

यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व बैंक द्वारा तीन साल से अधिक समय के बाद ब्याज 0. 25 प्रतिशत वृद्धि तथा वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक संकट के चलते जिंसों की कीमतों में उछाल के चलते रुपये की विनिमय दर में बड़ी गिरावट की आशंका बढ़ गयी है। आरबीआई गवर्नर श्री दास ने कहा, 'मैं पर्याप्त विश्वास के साथ कह सकता हूं कि हम भारतीय रुपये की स्थिरता को बनाए रखने में सक्षम होंगे। गवर्नर दास ने कहा भारतीय उद्योग परिसंघ की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में कहा, ' वास्तव में यदि आप देखे तो, विदेशी मुद्रा बाजार में हमारे हस्तक्षेप की एक मानक नीति है। हम अत्यधिक अस्थिरता को रोकने के लिए ही हस्तक्षेप करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत भारतीय रुपये की स्थिरता को बनाए रखने में सक्षम रहा है और आगे भी इसे बनाए रखेगा। मुद्रास्फीति के बारे में बोलते हुए, दास ने कहा कि इसके नरम होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि मुद्रास्फीति छह प्रतिशत से आगे बढ़ रही है और वास्तव में हमारी उम्मीद है कि यह नरम हो कर 4.5 प्रतिशत के आस पास रहेगी।

# हिंदुस्तान उर्वरक की तीन यूरिया इकाइयों में निवेश को प्रोत्साहित करने का सरकार का निर्णय

नयी दिल्ली। देश को यूरिया की आपूर्ति में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाने के लिए सरकार ने हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) उर्वरक इकाइयों को नई निवेश नीति (एनआईपी) 2012 का लाभ दिलाने के प्रस्ताव को मंजूरी मंगलावर को दी।

सरकार की आरे से आज जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने उर्वरक विभाग के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसमें एचयूआरएल के तीन संयंत्रों - गोरखपुर, सिंदरी और बरौनी- को एनआईपी-2012 के दायरे में लाने की बात है।

एनआईपी-2012 का निर्धारण घरेलू उत्पादन क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से निजी उद्यमियों को उर्वरक निर्माण में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए विशेष रूप से किया गया है।

एचयूआरएल का गठन 15 जून, 2016 को किया गया था। यह सरकारी क्षेत्र की तीन कंपनियों- कोल इंडिया, एनटीपीसी और आईओसीएल का संयुक्त उद्यम है। एचयूआरएल 12.7 लाख टन प्रतिवर्ष संस्थापित क्षमता वाले गैस-आधारित यूरिया संयंत्रों की स्थापना करके एफसीआईएल की गोरखपुर और सिंदरी इकाइयों तथा जीएफसीएल की बरौनी इकाई को पुनर्जीवित कर रहा है। इन तीन एचयूआरएल यूरिया परियोजनाओं की लागत 25,120 करोड़ रुपये है। एचयूआरएल की तीनों इकाइयों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति गेल द्वारा हो रही है। गेल एचयूआरएल की इन तीन इकाइयों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति कर रहा है।

एचयूआरएल के ये उत्कृष्ट संयंत्र सरकार की उस पहल का हिस्सा हैं, जिसके तहत एससीआईएल/एचएफसीएल के बंद पड़े यूरिया संयंत्रों को दोबारा चालू किया जाना है, ताकि यूरिया उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भता प्राप्त की जा सके। तीनों संयंत्रों के चालू हो जाने से देश में 38.1 लाख टन वार्षिक यूरिया उत्पादन बढ़ जायेगा।

सरकार का कहना है कि इस परियोजना से न केवल किसानों को उर्वरक की उपलब्धता में सुधार आयेगा, बल्कि देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ सड़क, रेल, सहायक उद्योग आदि जैसे अवसंचरना विकास सहित क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में तेजी आयेगी।

बयान में कहा गया है कि ये तीन कारखाने सात राज्यों उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में यूरिया की मांग को पूरा करने के उद्देश्य से दुनिया की सर्वश्रेष्ठ तकनीकों को एकीकृत करती हैं।

## नैनो एक्स और नैनो जी तकनीक आधारित पैनासोनिक के नये एयरकंडिशनर

नयी दिल्ली। टेक्नालॉजी कंपनी पैनासोनिक इंडिया ने नैनो एक्स एवं नैनो जी जैसी अभिनव टेक्नॉलॉजी पर आधारित नये एयरकंडिशनर लाँच करने की घोषणा की है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि नैनो एक्स एवं नैनो जी टेक्नॉलॉजी सेहतमंद एयर क्वालिटी इंडैक्स (एक्यूआई) सुनिश्चित करती हैं और हवा तथा सतहों पर चिपके बैक्टीरिया एवं वायरस को बढ़ने से रोकती हैं। इसके अलावा, इन एसी में कंपनी का इन-हाउस आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस (एआई) एवं आईओटी प्लेटफ़ॉर्म, मिराई है, जो उपभोक्ताओं के लिए कनेक्टेड लिविंग का अनुभव सुनिश्चित करता है। फाईव स्टार इन्वर्टर नैनो एक्स एसी 1 टन और 1.5 टन क्षमता में उपलब्ध हैं। सीएस/सीयू-एचयू18एक्सकेवाईएफ का मूल्य 69,990 रुपये है।




कंपनी ने कहा कि उपभोक्ता दिल्ली में सभी बड़े रिटेल आउटलेट जैसे रिलायंस, विजय सेल्स, क्रोमा तथा प्रमुख ऑनलाईन पोर्टल अमेजन, फ्लिपकार्ट और पैनासोनिक ब्रांड स्टोर पर पैनासोनिक एसी खरीद सकते हैं। कंपनी के एयर कंडीशनर्स ग्रुप के बिजनेस प्रमुख गौरव साह ने कहा, ''आज के उपभोक्ता धीरे-धीरे सामान्य जीवनशैली बहाल कर रहे हैं और घरों में विस्तृत सुरक्षा चाहते हैं। इसी जानकारी के साथ हमने 'सेहतमंद घरों के लिए अपने एसी' डिज़ाईन किए हैं। पैनासोनिक एसी इनडोर हवा को स्वच्छ व खुशबूदार बनाने के लिए नैनो टेक्नॉलॉजी का इस्तेमाल करते हैं। इससे बैक्टीरिया और वायरस की वृद्धि रुकती है और 99 प्रतिशत पीएम2.5 कण दूर हो जाते हैं, जिससे हमारे उपभोक्ता बेहतर इनडोर एयर क्वालिटी का आनंद लेने में समर्थ बनते हैं। पैनासोनिक का आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस (एआई) एवं आईओटी प्लेटफॉर्म- मिराई कनेक्टेड एवं कम्फ़र्टेबल लिविंग अनुभव सुनिश्चित करता है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि एसी के लिए मिराई स्मार्ट ऐप एक लाख से ज्यादा बार डाउनलोड हो चुका है, जो इस बात का प्रमाण है कि हमारे उपभोक्ता हमें एक ही छत के नीचे कम्फर्ट, कनेक्टिविटी, और सुरक्षा के सुगम अनुभव के लिए पसंद करते हैं। इन गुणों के साथ एसी के लिए नया मार्केटिंग कैम्पेन 18 फ़रवरी से हमारे सभी प्लेटफ़ॉर्म्स पर चल रहा है।'' नैनो-जी टेक्नॉलॉजी आयोनाईज़र टेक्नॉलॉजी के सिद्धांत पर काम करती है, जबकि नैनो एक्स टेक्नॉलॉजी इनडोर हवा में मौजूद अप्रत्यक्ष नमी को एकत्रित करती है और हाई वोल्टेज आरोपित कर ''पानी में समाहित हाईड्रॉक्सिल रेडिकल्स'' उत्पन्न करती है। हाईड्रॉक्सिल रेडिकल्स प्रकृति के डिटरजेंट हैं, जो प्रदूषक कणों की वृद्धि को रोकते हैं और घर के वातावरण में बैक्टीरिया और वायरस को बढ़ने नहीं देते।

## कंक्रीट इंसुलेशन सिस्टम 'एसीसी एयरियम' लॉन्च

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रमुख सीमेंट और कंक्रीट निर्माता कंपनी एसीसी लिमिटेड ने थर्मल इन्सुलेटिंग जलवायु नियंत्रण कंक्रीट सिस्टम 'एसीसी एयरियम' को लॉन्च करने की घोषणा की है जो तेज गर्मी में भी भीतर के तापमान को 5 डिग्री तक कम कर देती है और कड़ाके की सर्दियों में 5 डिग्री तक गर्म हो जाती है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि एसीसी की 'प्रोडक्ट्स एंड सॉल्यूशंस' के संदर्भ में अत्याधुनिक इनोवेशन सामने लाने की एक लंबी परंपरा है जो घर बनाने वालों और आर्किटेक्ट्स, इंजीनियरों और डेवलपर्स के समुदाय को लाभान्वित करती है। इसी कड़ी में नवीनतम एसीसी एयरियम, एक खनिज फोम आधारित इन्सुलेट तकनीक है। यह एक कंक्रीट सिस्टम के रूप में है जो लंबे समय तक चलने वाला रूफिंग सॉल्यूशन बन जाता है जो निर्माण के समय ही सतह को इन्सुलेट करता है। उसने कहा कि थर्मल इन्सुलेशन गुणों वाला यह प्रोडक्ट पूरे भारत में घरों, कार्यालयों और इमारतों के लिए एक आदर्श समाधान प्रदान करता है। इसके अलावा, यह पूरी तरह से टिकाऊ और आग प्रतिरोधी भी है। छतों पर एसीसी एयरियम के साथ, इसकी इन्सुलेशन तकनीक तेज गर्मी में भी भीतर के तापमान को 5 डिग्री तक कम कर देती है और कड़ाके की सर्दियों में 5 डिग्री तक गर्म हो जाती है।

कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ श्रीधर बालकृष्णन ने कहा, एसीसी में, हम हरित भविष्य के निर्माण में योगदान करने की अपनी जिम्मेदारी को समझते हैं। एसीसी एयरियम के लॉन्च के साथ, हम एक बार फिर से इनोवेशन जारी रखने के लिए निर्माण संबंधी प्रक्रियाओं पर पुनर्विचार करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते हैं। यह प्रोडक्ट वास्तव में इन्सुलेशन के लिए एक नई अवधारणा को सामने लाता है। एयरियम घरों, कार्यालयों और इमारतों के लिए एक एनर्जी एफिशिएंट इन्सुलेशन है। टिकाऊ, उच्च प्रदर्शन वाले निर्माण समाधान पेश करने की एसीसी की प्रतिबद्धता के अनुरूप, यह स्वस्थ, सुरक्षित और काम करने में आसान है। ऐसे प्रोडक्ट्स और सॉल्यूशंस के साथ, हम अपने ग्राहकों को पूरी इमारत के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने का विकल्प देना चाहते हैं।

## कार्गो-पार्टनर का पश्चिमी भारत में विस्तार

नयी दिल्ली। ग्लोबल इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक सर्विस प्रोवाइडर कार्गो-पार्टनर ने भारत में अपने काम को बढ़ाते हुए पश्चिम भारत में अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने और निवेश करने के लिए 10 लाख यूरो से अधिक का प्रावधान किया है। नई नौकरियां देने और टीमों को और विकसित करने में एक बड़ा हिस्सा निवेश किया जाएगा। कार्यबल को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना बनाई गयी है। भारत में नेटवर्क को मजबूत करने की अपनी योजना के अनुसार कार्गो-पार्टनर मौजूदा ऑफिस में अपनी टीम को बढ़ा रहा है और पूरे भारत में अपने काम का विस्तार कर रहा है। 2021 की अंतिम तिमाही में कंपनी ने वडोदरा और इंदौर में अपने ऑफिस खोले हैं। कार्गो पार्टनर ने पुणे में भी नया ऑफिस खोला है। यहां कंपनी नई भर्तियां कर रही है। साथ ही नये प्रोडक्ट्स भी पेश कर रही है जो बाजार में मौजूद कंपनी के कस्टमर को बेहतर सप्लाई चैन मुहैया करवा रही है। कंपनी के पूरे भारत में कुल 14 ऑफिस हो गए हैं।

## शार्ट न्यूज

### जम्मू-कश्मीर वुशु टीम नेशनल चैंपियनशिप के लिए तमिलनाडु रवाना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर सब जूनियर टीम कन्याकुमारी के नूरुल इस्लाम विश्वविद्यालय में होने वाली 21वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए मंगलवार को तमिलनाडु के लिए रवाना हो गई। कोच आशी जामवाल, इरफान अहमद और शेर बहादुर भी टीम के साथ हैं। उल्लेखनीय है कि 35 सदस्यीय टीम को जम्मू-कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल की स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा चुना गया था। चैंपियनशिप 25 मार्च से शुरू होगी और 31 मार्च को समाप्त होगी।

### जम्मू में तीरंदाजी चैंपियनशिप का आगाज

**जम्मू।** जम्मू के मौलाना आजाद स्टेडियम में मंगलवार को 41वीं एनटीपीसी सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी पुरुष एवं महिला चैंपियनशिप का आगाज हुआ, जो एक हफ्ते तक चलेगी। भाजपा सांसद एवं जम्मू-कश्मीर तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष जुगल किशोर शर्मा ने चैंपियनशिप का उद्घाटन किया। उल्लेखनीय है कि विभिन्न राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और बोर्डों की 42 टीमों के कुल 1,015 प्रतिभागी चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं।

### दिल्ली गोल्फ क्लब में तीन साल बाद अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की वापसी

नयी दिल्ली। कोरोना के कारण तीन साल के लम्बे अंतराल के बाद दिल्ली गोल्फ क्लब में अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की वापसी हो रही है। दिल्ली गोल्फ क्लब में 24 से 27 मार्च तक एशियन टूर इवेंट डीजीसी ओपन खेला जाएगा जिसके पहले संस्करण में कुल पांच लाख डॉलर की इनामी राशि होगी और विजेता को 90 हजार डॉलर मिलेंगे। दिल्ली गोल्फ क्लब में मंगलवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन डीजीसी ओपन की घोषणा की गयी जिसके प्रायोजक मास्टरकार्ड हैं। इस अवसर पर दिल्ली गोल्फ क्लब को फिर से डिज़ाइन करने वाले नौ बार के मेजर चैंपियन गैरी प्लेयर भी मौजूद थे। आयोजकों ने बताया कि एशियन टूर के 19 'चैम्पियन्स' सहित 21 देशों के खिलाड़ी इसमें हिस्सा लेंगे। खिताब के दावेदारों में भारत के शिव कपूर, गगनजीत भुल्लर, खलिन जोशी,रोरी हाई, राहिल गंगजी, एसएसपी चौरसिया और राशिद खान तथा अमेरिका के पॉल पीटरसन शामिल हैं। आयोजकों ने बताया कि भारत में तीन साल के अंतराल के बाद आयोजित होने वाला यह पहला अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट है। दिल्ली गोल्फ क्लब का 2019 में नवीकरण हुआ था और इसे महान खिलाड़ी गैरी प्लेयर ने फिर से डिज़ाइन किया था और इस सप्ताह वह इस टूर्नामेंट का हिस्सा रहेंगे। इस कोर्स पर आखिरी बार एशियन टूर इवेंट 2018 में खेला गया था। संवाददाता सम्मेलन में शिव कपूर और विराज मदप्पा भी मौजूद थे। मास्टरकार्ड ने शिव कपूर को इस अवसर पर भारत में अपना ब्रांड अम्बेसेडर घोषित किया।

### फुनैटिक्स क्लब का रियल मैनेजर प्लेटफॉर्म भारत में हीरो आई-लीग का आधिकारिक फैंटेसी फुटबॉल पार्टनर बना

**नयी दिल्ली।** फुनैटिक्स क्लब का रियल मैनेजर प्लेटफॉर्म भारत में हीरो आई-लीग का आधिकारिक फैंटेसी फुटबॉल पार्टनर बन गया है। फुनैटिक्स क्लब ने इस साझेदारी की मंगलवार को घोषणा की। हाल ही में फुनैटिक्स क्लब ने थाई लीग 1 के लिए थाई फुटबॉल एसोसिएशन और सिंगापुर प्रीमियर लीग के लिए सिंगापुर फुटबॉल एसोसिएशन के साथ दो अन्य साझेदारियां की हैं जिसके बाद भारत में यह साझेदारी की गयी। मेक्सिको, स्विटज़रलैंड, ग्रीस, इज़राइल, सर्बिया और यूक्रेन में बढ़ती अन्य पेशेवर फुटबॉल लीगों की संख्या में यह तीन एशियाई लीग्स ने ज्वाइन किया ही जिनके पास आधिकारिक गेम मेकिंग के रूप में रियल मैनेजर फैंटेसी मंच है। फुनैटिक्स क्लब के पास जर्मनी के दो प्रमुख पेशेवर फुटबॉल लीग बुंदेसलीगा और 2. बुंदेस लीगा के भी अधिकार हैं जिसका संचालन 2022/23 सीज़न की शुरुआत में शुरू होने की उम्मीद है। रियल मैनेजर एक वैश्विक फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म है जो क्लासिक फैंटेसी स्पोर्ट्स को ऑनलाइन गेमिंग और सोशल नेटवर्क की दुनिया के साथ जोड़ता है। प्रशंसकों के अनुभव को गेम सशक्त बनाता है, यूज़र्स (उपयोगकर्ता) ज्यादा से ज्यादा मात्रा में जुड़ते हैं, प्रशंसकों का गुणवत्ता वाला डेटा एकत्र करता है और सामान्य रिटेंशन मुद्दों का एक व्यापक समाधान प्रदान करता है, विशेष रूप से युवा दर्शकों के लिए खेल को कंज्यूम करने के लिए और अधिक आकर्षक तरीके ढूंढते हैं। फुनैटिक्स क्लब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ), ओहद क्रिस्टल ने कहा, हम एशिया के सबसे बड़े फैंटेसी फुटबॉल प्रोवाइडर बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं; भारतीय फुटबॉल में उत्साह और विकास क्षमता को छोड़ना बहुत मुश्किल है, और हम भारत में हीरो आई–लीग में अपने भागीदारों के साथ आगे बढ़ने की आशा करते हैं।

### चाहता हूं कि मेरी टीम पिच पर बहादुर रवैया अपनाए : स्टिमैक

**नयी दिल्ली।** बहरीन और बेलारूस के खिलाफ दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों में भारत के अभियान की शुरुआत से पहले भारतीय सीनियर पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक का मानना है कि उनके लड़के बुधवार को मेजबान बहरीन के खिलाफ मैच में बहादुर रवैया अपनाना जारी रखेंगे। स्टिमैक ने मैत्री मैचों से पहले सोमवार को घोषित 25 सदस्यीय भारतीय टीम में सात नए चेहरों प्रभसुखन गिल, होर्मिपम रुइवा, अनवर अली, रोशन सिंह, वीपी सुहैर, दानिश फारूक और अनिकेत यादव को शामिल किया है। चयन को ध्यान में रखते हुए, उन्होंने मैच की पूर्व संध्या पर मंगलवार को कहा, मैं अपने खिलाड़ियों को अच्छे विरोधियों के खिलाफ खेलने का मौका देना चाहता हूं और मुझे उम्मीद है कि कल जब वे मैदान पर होंगे तो एक बहादुर रवैया अपनाएंगे। मैं कुछ नए चेहरों के साथ अपनी सर्वश्रेष्ठ प्रारंभिक प्लेइव इलेवन (एकादश) चुनने की कोशिश करूंगा। मैं यह देखना चाहता हूं कि वे उच्च रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ कैसा प्रदर्शन करते हैं, जिससे वह बाद में जून में होने वाले क्वालीफायर के लिए उनका आकलन कर सकते हैं।

### टीम से बाहर होने पर शांत रहा : एंडरसन

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा कि उन्होंने वेस्टइंडीज दौरे के लिए बाहर किए जाने पर शांति बना ली है। 39 वर्षीय एंडरसन, 35 वर्षीय स्टुअर्ट ब्रॉड वेस्टइंडीज के साथ चल रही तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए टीम से बाहर हो गए थे। एंडरसन ने169 टेस्ट में 640 विकेट लिए हैं। उन्होंने बीबीसी रेडियो फाइव लाइव को बताया कि इंग्लैंड की चयन नीति पूरी तरह से मेरे नियंत्रण से बाहर थी। मैंने हफ्तों पहले निर्णय पर शांति बना ली थी। मैं काउंटी सत्र के लिए तैयार हूं और लोगों को दिखा सकता हूं कि मैं क्या कर सकता हूं।

### दिल्ली को नार्त्जे के सात अप्रैल से आईपीएल के लिए उपलब्ध होने की उम्मीद

**नयी दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्त्जे, जिनकी आईपीएल 2022 सीजन में उपलब्धता बहस का विषय रही है, अप्रैल की शुरुआत से दिल्ली कैपिटल्स टीम के लिए खेलने के लिए तैयार होंगे। फ्रेंचाइजी के एक अधिकारी ने क्रिकबज को बताया कि नॉर्त्जे आईपीएल 2022 सीजन में टीम के तीसरे मैच से हिस्सा लेंगे। उनके सात अप्रैल को डीवाई पाटिल स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले से वापसी करने की ज्यादा उम्मीद है। समझा जाता है कि नॉर्त्जे मुंबई पहुंच चुके हैं और पिछले कुछ दिनों से क्वारंटीन में हैं। हाल के कुछ सीजन में दिल्ली टीम के लिए सबसे सफल तेज गेंदबाजों में से एक नॉर्त्जे को फ्रेंचाइजी ने इस बार 6.5 करोड़ रुपए में रिटेन किया था और उनके लिए टीम की प्राथमिकता उनके हमवतन कैगिसो रबादा से भी अधिक थी, हालांकि नॉर्त्जे की चोट, जिसकी गंभीरता क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) द्वारा बिल्कुल भी सार्वजनिक नहीं की गई है।

# आरसीबी पर रहेगा खिताबी सूखा समाप्त करने का दबाव

**मुम्बई।** लीग चरण में तीसरे स्थान पर रहने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को एलीमिनेटर मुक़ाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों हार मिली थी। यह लगातार दूसरा मौक़ा था जब आरसीबी ने प्लेऑफ़ में प्रवेश किया था। लेकिन विराट कोहली के कप्तानी छोड़ने और फाफ डू प्लेसिस के नया कप्तान बनने के बाद आरसीबी पर इस बार खिताबी सूखा समाप्त करने का दबाव रहेगा।

नवविवाहित ग्लेन मैक्सवेल कम से कम पहले दो मैचों में नहीं खेल पाएंगे, जबकि जॉश हेज़लवुड ऑस्ट्रेलिया की प्रतिबद्धताओं के कारण पहले तीन मैचों से बाहर रहेंगे। मैक्सवेल की पावर हिटिंग की ग़ैरमौजूदगी में आरसीबी को फ़िन ऐलेन और शर्फ़ेन रदरफ़र्ड के बीच किसी एक को चुनना होगा।

जहां ऐलेन शीर्ष क्रम में आक्रामकता प्रदान करते हैं वहीं रदरफ़र्ड फ़िनिशर की भूमिका निभा सकते हैं। टी20 मैचों में ऐलेन का स्ट्राइक रेट 175.65 का है तो वहीं रदरफ़र्ड कैरेबियन प्रीमियर लीग में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज़ बनकर उभरे थे।

लंबे समय से आरसीबी अपने शीर्ष क्रम पर निर्भर रही है। सीज़न दर सीज़न, बदलाव करने की प्रत्येक कोशिश में वह विफल रहे और एक ही स्थान पर बने रहे। पिछले साथ मध्य क्रम में उन्होंने केएस भरत और रजत पाटिदार को आज़माया। अबकी बार उन्हें महिपाल लोमरोर और सुयश प्रभुदेसाई से उम्मीद होगी कि वह मैक्सवेल और दिनेश कार्तिक का साथ दें। राजस्थान रॉयल्स के लिए चुनिंदा मैच खेलने वाले अनुज रावत को आरसीबी के लिए ओपन करने का मौक़ा मिल सकता है । शीर्ष क्रम में अब देवदत्त पडिक्कल नहीं होंगे।



लेकिन युवा अनुज रावत के रूप में उनके पास एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। क्या वह अपनी प्रतिभा को अच्छे प्रदर्शन में बदल पाएंगे? आरसीबी उन्हें कप्तान फ़ाफ़ डू प्लेसिस के साथ ओपन करने का सुनहरा अवसर देने को तैयार है जिसके चलते विराट कोहली तीसरे स्थान पर खुलकर बल्लेबाज़ी कर सकेंगे।

रिटेन किए गए मोहम्मद सिराज और दोबारा ख़रीदे गए हर्षल पटेल गेंदबाज़ी की कमान संभालेंगे। पिछले सीज़न में सर्वाधिक 32 विकेट लेने के बाद हर्षल भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व भी कर चुके हैं। स्पिन विभाग में युज़वेंद्र चहल की ज़िम्मेदारी अब वनिंदु हसरंगा निभाएंगे। कर्ण शर्मा के रूप में टीम के पास एक भारतीय लेग स्पिन विकल्प मौजूद है। शाहबाज़ अहमद टीम को गहराई प्रदान करते हैं तो सिद्धार्थ कौल और चामा मिलिंद के रूप में टीम के पास भारतीय तेज़ गेंदबाज़ों का अच्छा बैक-अप है। कौल और मिलिंद लंबे समय से घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करते आ रहे हैं।

दिल्ली के विकेटकीपर बल्लेबाज़ अनुज के क्रिकेट करियर की शुरुआत ऋषभ पंत के साथ हुई जो अब भारत के नंबर एक विकेटकीपर बन चुके हैं। महामारी के चलते अनुज को बहुत कम क्रिकेट खेलने को मिला। हालांकि उनके लिए अच्छी बात यह है कि वह अब भी केवल 22 वर्ष के हैं और उन्हें इस टीम में ओपन करने का मौक़ा दिया जाएगा। शायद यहीं वह मौक़ा था जिसकी उन्हें तलाश थी।

प्रसिद्ध कोच चंद्रकांत पंडित द्वारा जूनियर गेल उपनाम से मशहूर लोमरोर अपने मित्र पंत की तरह लंबे शॉट लगाने के लिए जाने जाते हैं। 2016 अंडर-19 विश्व कप में पंत के साथ खेलने वाले हरफ़नमौला खिलाड़ी को राजस्थान रॉयल्स बतौर बैक-अप बल्लेबाज़ देख रही थी। अब जब उन्हें आरसीबी में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के तौर पर देखा जा रहा है, तो वह इसे भरोसे पर खरे उतरने का पूरा प्रयार करेंगे।

आरसीबी के कोचिंग स्टाफ़ में माइक हेसन (क्रिकेट निदेशक), संजय बांगर (प्रमुख कोच), श्रीधरन श्रीराम (बल्लेबाज़ी और स्पिन गेंदबाज़ी कोच), ऐडम ग्रिफ़िथ (गेंदबाज़ी कोच), मालोलन रंगराजन (फ़ील्डिंग कोच) शामिल हैं

संभावित एकादश: 1 फ़ाफ़ डू प्लेसिस (कप्तान), 2 अनुज रावत, 3 विराट कोहली, 4 ग्लेन मैक्सवेल, 5 महिपाल लोमरोर, 6 दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), 7 वनिंदु हसरंगा, 8 हर्षल पटेल, 9 शाहबाज़ अहमद/कर्ण शर्मा, 10 मोहम्मद सिराज, 11 जॉश हेज़लवुड

# बंगलादेश पर 110 रन की बड़ी जीत से भारत की सेमीफाइनल उम्मीदें कायम

**हैमिल्टन।** स्नेह राणा (30 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने यहां मंगलवार को आईसीसी 2022 महिला विश्व कप मुकाबले में बंगलादेश को एकतरफा अंदाज में 110 रन से हरा दिया और सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। गत उप विजेता भारत ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए यास्तिका भाटिया, शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की शानदार पारियों की बदौलत 50 ओवर में सात विकेट पर 229 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। बाद में स्नेह राणा, झूलन गोस्वामी और पूजा वस्त्राकर की घातक गेंदबाजी की बदौलत बंगलादेश को 40.3 ओवर में महज 119 पर ऑलआउट कर दिया। यास्तिका ने दो चौकों की मदद से 80




गेंदों पर 50 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि शेफाली ने छह चौकों और एक छक्के के सहारे 42 गेंदों पर 42 और स्मृति ने तीन चौकों के दम पर 51 गेंदों पर 30 रन का योगदान दिया। यास्तिका को मैच विजयी अर्धशतक के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं स्नेह ने 10 ओवर में 30 रन पर सर्वाधिक चार विकेट लिए। उनके अलावा झूलन और पूजा ने दो -दो, जबकि राजेश्वरी गायकवाड और पूनम यादव ने एक -एक विकेट लिया।

बंगलादेश के लिए सलमा खातून ने चार चौकों की मदद से 35 गेंदों पर सर्वाधिक 32 रन बनाए। वहीं रितु मोनी ने 10 ओवर में 37 रन पर सर्वाधिक तीन विकेट लिए। नाहिदा अख्तर को भी दो विकेट मिले।

उल्लेखनीय है कि टूर्नामेंट में भारत की यह तीसरी जीत है और इस जीत के साथ उसका प्लेऑफ में क्वालीफाई करने का दावा मजबूत हुआ है। भारत अब छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ छह अंक लेकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। दूसरी ओर बंगलादेश की यह चौथी हार है और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। उसके पांच मैचों में एक जीत के साथ दो अंक हैं और वह अंक तालिका में सातवें नंबर पर है।

### खेलो इंडिया के तहत छोटे शहरों को प्राथमिकता दे रही सरकार

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने मंगलवार को खेलो इंडिया के तहत प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के उभरने के साथ देश भर में एक हजार खेल केंद्र स्थापित करने की घोषणा की। सरकार ने यह भी कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। केंद्रीय युवा मामले एवं खेल राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक ने लोकसभा में एक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य एक हजार खेल केंद्र स्थापित करना है और अब तक 448 केंद्र बनाए जा चुके हैं। प्रमाणिक ने कहा कि सरकार 2397 करोड़ रुपए की लागत से इन केंद्रों को खेलो इंडिया के लिए खोलेगी, इसके लिए अब तक 1000 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जा चुके हैं। खेल राज्य मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और इन केंद्रों को छोटे स्थानों पर प्राथमिकता के आधार पर खोला जा रहा है।

# कप्तान लैनिंग के शानदार शतक से ऑस्ट्रेलिया की लगातार छठी जीत

वेलिंगटन। कप्तान मैग लैनिंग (135) के शानदार शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम ने यहां मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका को पांच विकेट से हरा कर 2022 आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में लगातार छठी जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने लौरा वोल्वार्ड्ट (90) और कप्तान सुने लुस (52) के अर्धशतकों की बदौलत 50 ओवर में पांच विकेट पर 271 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बना दिया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान लैनिंग के नाबाद शतक के दम पर 45.2 ओवर में पांच विकेट पर 272 रन बना कर एकतरफा अंदाज में मैच जीत लिया।

लैनिंग ने 15 चौकों और एक छक्के की मदद से 130 गेंदों पर नाबाद 135 रन बनाए। मैच विजयी पारी के लिए लैनिंग को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। इससे पहले गेंदबाजी में अलाना किंग, एनाबेल सदरलैंड, एशले गार्डनर, जेस जोनासन और मेगन शट्ट ने एक-एक विकेट लिया।

वहीं दक्षिण अफ्रीका की ओर से वोल्वार्ड्ट ने छह चौकों के सहारे 134 गेंदों पर 90 और लुस ने छह चौकों की मदद से 51 गेंदों पर 52 रन बनाए। गेंदबाजी में क्लोए ट्रायोन और शबनीम इस्माइल ने दो-दो विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया इस जीत से पहले ही अच्छी स्थिति में था और प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुका था। इस जीत के साथ उसकी स्थिति और मजबूत हुई है। वहीं दक्षिण अफ्रीका टूर्नामेंट का पहला मैच हारा है और पांच में से चार मैच जीत कर आठ अंकों के साथ दूसरे नंबर पर है।

# यूक्रेनी शरणार्थियों के लिए अपना मेडल बेचेंगे रूस के नोबेल शांति पुरस्कार विजेता, पुतिन ने दी थी धमकी

**मास्को।** पिछले साल के नोबेल शांति पुरस्कार के सह-विजेता रूसी पत्रकार दिमित्री मुराटोव ने मंगलवार को कहा कि वह यूक्रेनी शरणार्थियों के लिए अपना मेडल दान करेंगे। उन्होंने कहा कि वह यूक्रेनी शरणार्थियों के लिए पैसे जुटाने की खातिर अपना नोबेल पदक नीलाम करेंगे।

दिमित्री मुराटोव द नोवाया गजेटा अखबार में प्रधान संपादक हैं। समाचार एजेंसी रायटर्स के अनुसार रूस के संचार नियामक ने मार्च की शुरुआत में 10 स्थानीय मीडिया संस्थानों को चेतावनी दी थी। इन संस्थानों पर रूस के सैन्य अभियान को गलत तरीके से दिखाने का आरोप लगाया गया था। जिन संस्थानों को नोटिस भेजा गया है उनमें रेडियो स्टेशन इको मोस्किवी और एक समाचार पत्र नोवाया गजेटा है। इन तमाम घटनाक्रमों के बीच



मुराटोव के नाम से प्रकाशित एक लेख में अखबार ने कहा है, नोवाया गजेटा और मैंने (मुराटोव) यूक्रेन के शरणार्थी कोष में 2021 का नोबेल शांति पुरस्कार पदक दान करने का फैसला किया है।

पहले से ही 10 मिलियन से अधिक शरणार्थी हैं। मैं नीलामी घरों से रिस्पॉन्ड करने के लिए कहता हूं और इस विश्व प्रसिद्ध पुरस्कार की नीलामी के लिए कहता हूं।

रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन में हजारों सैनिकों को भेजा। रूस ने इसे अपने दक्षिणी पड़ोसी यूक्रेन की सैन्य क्षमताओं को नीचा दिखाने और खतरनाक राष्ट्रवादी कहे जाने वाले लोगों को जड़ से उखाड़ने के लिए एक विशेष अभियान कहा।

अब तक यूक्रेन की सेना ने कड़ा प्रतिरोध दिखाया है और पश्चिम ने रूस को अपनी सेना वापस लेने के लिए मजबूर करने के प्रयास में उस पर व्यापक प्रतिबंध लगा दिए हैं।

क्रेमलिन की आलोचना करने वाले एक समाचार पत्र मुराटोव और नोवाया गजेटा ने कहा कि पांच चीजों को तुरंत करने की जरूरत है- जंग बंद करो, कैदियों की अदला-बदली करो, मृतकों के शवों को वापस दो, मानवीय गलियारे और सहायता प्रदान करो, और शरणार्थियों का समर्थन करो।

समाचार साइट रैपर के सह-संस्थापक, फिलीपींस की मारिया रसा के साथ संयुक्त रूप से पुरस्कार जीतने वाले मुराटोव ने पिछले साल अपना नोबेल पुरस्कार अखबार के छह पत्रकारों को समर्पित किया, जिनकी उनके काम के लिए हत्या कर दी गई थी।

### ब्रिटेन के सांसद ने की जगारी वार्ता में देरी को लेकर जांच की मांग

**लंदन।** ब्रिटेन के पूर्व विदेश मंत्री एलिस्टेयर बर्ट और सांसद ट्यूलिप सिद्दीक ने ईरान को कर्ज चुकाने में देरी के कारणों की जांच शुरू करने के लिए समिति से मांग की है। यह कदम छह साल बाद पिछले हफ्ते नाजनीन जगारी-रैटक्लिफ की रिहाई के बाद आया है। द गार्जियन ने बर्ट द्वारा विदेशी मामलों की चयन समिति को लिखे एक पत्र में यह कहते हुए उद्धृत किया कि ब्रिटेन सरकार को कई वर्षों से पता था कि अगर उसने ईरान को 400 मिलियन पाउंड ऋण का भुगतान किया तो इससे नाजनीन जगारी-रैटक्लिफ की रिहाई की संभावना हो सकती है। टोरी के पूर्व सांसद ने कहा कि उन्होंने बार-बार सरकार से 40 करोड़ पाउंड का भुगतान करने का आग्रह किया था, क्योंकि यह 'फिरौती नहीं, बल्कि एक कर्ज था।' द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, 40 करोड़ पाउंड का ऋण 1970 के दशक के एक हथियार सौदे से संबंधित है जिसमें ब्रिटेन ने ईरान के शाह से धन लिया था, लेकिन फिर वादा किए गए चीफटैन टैंकों को वितरित नहीं किया था।

# पाकिस्तान : विपक्ष का संसद के अध्यक्ष पर संविधान के उल्लंघन का आरोप

**एजेंसी**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के विपक्षी नेताओं शहबाज शरीफ और बिलावल भुट्टो-जरदारी ने आरोप लगाया है कि संसद ( नेशनल असेंबली) के अध्यक्ष असद कैसर ने प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के लिए 14 दिनों के भीतर निचले सदन की बैठक नहीं बुलाकार संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन किया है।

डॉन समाचार पत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

संसद में विपक्ष के नेता श्री जरदारी ने सुप्रीम कोर्ट के बाहर पत्रकारों से बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि श्री कैसर ने इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की बैठक के बहाने संविधान के अनुच्छेद 54 (3) का जानबूझकर उल्लंघन किया था।उन्होंने कहा कि अध्यक्ष संवैधानिक समय सीमा समाप्त होने की प्रतीक्षा किए बिना सत्र पहले बुला सकते थे। अध्यक्ष ने ओआईसी सम्मेलन के खिलाफ विपक्ष को उकसाकर उन्हें फंसाने की कोशिश की है।

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष श्री भुट्टो ने सरकार पर आरोप लगाया कि अविश्वास प्रस्ताव से बचकर वह जानबूझकर संविधान का उल्लंघन कर रही है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष संविधान के प्रावधानों का पालन करें और कोई भी कार्रवाई करने से पहले अपने वकीलों से सलाह जो संविधान के अनुच्छेद 6 (उच्च राजद्रोह के लिए) के तहत उनके मुकदमे में शामिल हो सकते हैं।

पीएमएल-एन के सीनेटर आजम नजीर तरार ने यह भी कहा कि अटॉर्नी जनरल ने कार्यवाही के दौरान आश्वासन दिया था कि किसी भी संसद को संसद भवन में जाने से नहीं रोका जाएगा या अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान करने से नहीं रोका जाएगा। उन्होंने कहा कि अदालत ने देखा था कि संसद में प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों के अनुच्छेद 95 और नियम 37 बहुत स्पष्ट थे, और अध्यक्ष को उनसे विचलित न होने की सलाह दी।

हालांकि, संसदीय मामलों पर प्रधानमंत्री के सलाहकार डॉ बाबर अवान ने 25 मार्च को सत्र बुलाने के अध्यक्ष के फैसले का बचाव करते हुए कहा कि यह संविधान के अनुरूप है।

उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 254 का उल्लेख किया जिसके अनुसार जब किसी विशेष अवधि के भीतर कुछ करने की आवश्यकता होती है, लेकिन ऐसा नहीं होता है, तो उस कार्य या चीज को करना अवैध या अप्रभावी नहीं हो जाता है क्योंकि यह निर्धारित अवधि के भीतर नहीं किया गया था।

### जेलेंस्की ने पुतिन से मिलने पर दिया जोर

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि वह यूक्रेन की प्रतिबद्धता पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं और वह तत्काल युद्धविराम और रूसी सैनिकों की पूरी तरह से वापसी के बदले में नाटो सदस्यता की मांग नहीं करेगा। खलीज टाइम्स ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जेलेंस्की ने कहा, अगर रूस संघर्ष विराम करेगा, रूसी सैनिकों को वापस रूस बुला लेगा और यूक्रेन की सुरक्षा की गारंटी देगा तो वह नाटो में शामिल होने का विचार त्याग देंगा। जेलेंस्की ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ सीधी बातचीत करने के अपने आह्वान को भी दोहराया और जोर देकर कहा कि जब तक वह व्यक्तिगत रूप से श्री पुतिन से मिलना चाहतें है। बैठक के बिना यह नही समझा जा सकता कि रूस युद्ध रोकने के बदले क्या चाहता है। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि ने वह क्रीमिया, पूर्वी डोनबास क्षेत्र (जिसके दो इलाकों को रूस ने स्वतंत्र देश घोषित किया था) की स्थिति पर चर्चा को भी तैयार हैं। उन्होंने कहा कि यह चर्चा तब ही होगी जब युद्धविराम होगा और सुरक्षा की गारंटी दी जाएगी।

### पाकिस्तानी चुनाव आयोग ने इमरान पर लगाया जुर्माना

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री इमरान खान तथा पांच अन्य को चुनाव आचार संहिता के उलंघन कर सार्वजनिक रैली को संबोधित करने के लिए पचास-पचास हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। समाचार पत्र डॉन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ईसीपी के प्रवक्ता हारुन शिनवारी ने बताया कि स्वात जिले के निगरानी अधिकारी ने स्वात घाटी में चुनावी पैनले के चेतावनी के बाद भी 16 मार्च को प्रधानमंत्री तथा अन्य मंत्रियों को सार्वजनिक रैली को संबोधित करने के कारण सभी पर जुर्माना लगाया गया है। इससे पहले 19 मार्च को नीचली डीर के जिला निगरानी अधिकारी हमीदूल लाह ने चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन कर सार्वजनिक रैली में शामिल होने पर श्री खान पर पचास हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

### वियतनाम में कोरोना संक्रमण के 130735 नए मामले सामने आए

हनोई। वियतनाम में मंगलवार को कोरोना संक्रमण के 1,30,735 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या 83,38,914 हो गयी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार संक्रमण के नए मामलों में से राजधानी हनोई में 16,014, उत्तरी फू थो प्रांत में 5,920, थात सेंट्रल नघे एन प्रांत में 4,820 नए मामले दर्ज किए गए हैं। नए मामले सामने आने के बाद कुल संक्रमितों की संख्या 83,38,914 हो गयी तथा मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 42,014 हो गया। वहीं अभी तक 44,68,805 मरीज कोरोना से निजात पा चुके हैं।

### यूक्रेन संकट पर जेलेंस्की ने पोप से की बात

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपित वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को देश में रूसी सैन्य कार्रवाई के बीच मानवीय संकट के बारे में वेटिकन सिटी के पोप फ्रांसिस को अवगत कराया। जेलेंस्की ने एक ट्विट में कहा, पोप फ्रेंसिस से बात किया। पोप को रूसी सैनिकों द्वारा मानवीय गलियारों को अवरोध करने तथा इससे उपजी कठीन मानवीय स्थिति के बारे में जानकीरी दी। उन्होंने कहा मानवीय पीड़ा को समाप्त करने में पोप के मध्यस्थता की भूमिका की सराहना की जाएगी। उन्होंने कहा,यूक्रेन तथा शांति की कामना करने के लिए आभार इससे पहले कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने पोप को एक पत्र लिखकर यूक्रेन की राजधानी में आने का निवेदन किया था। उन्होंने लिखा था,पोप की कीव में रहने से जीवन को बचाने तथा हमारे शहर, देश और उसके बाहर शांति बहाल करने में अहम भूमिका साबित होगी। सीएनएन ने बताया की मेयर ने पोप को सुझाव दिया कि अगर वह व्यक्तिगत रूप से यूक्रेन में उपस्थित नहीं हो सकते तो, राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ एक संयुक्त रूप से वीडियो कांफ्रेस कर लें। सीएनएन के मुताबिक पोप ने युद्ध को समाप्त करने के अपील की तथा उन्होंने मध्यस्थता की भी पेशकश की।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# शिल्पा शेट्टी ने फिट रहने के राज का खुलासा किया

एजेंसी



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने फिट रहने के राज का खुलासा किया है। शिल्पा शेट्टी फिटनेस फ्रीक हैं और वह अपनी हेल्थ का खास ध्यान रखती हैं। शिल्पा को जब वक्त मिलता है वह योग और एक्सरसाइज करने लगती है। शिल्पा ने लेटेस्ट वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। इसमें शिल्पा कमरे में ही वर्कआउट करते दिख रही है।

शिल्पा शेट्टी ने अपने इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, कमिटमेंट से भरे दिन में हमें फिटनेस के लिए कुछ समय निकालने से कभी नहीं रोकना चाहिए।

14 घंटे की शिफ्ट के बीच में, मैं शॉट्स के बीच में अपने समय का अधिकतम लाभ उठाने की पूरी कोशिश करती हूं। इसलिए मैंने कुछ स्क्वाट्स, नटराजसन किए।

शिल्पा ने फैंस को सलाह दी कि स्वस्थ रहो, मस्त रहो।

# पर्दे पर दिखेगी 'केरल स्टोरी', गायब हुई 32 हजार लड़कियां जो कभी नहीं लौटी

मुंबई। बॉक्स ऑफिस पर निर्देशक विवेक अग्निहोत्री की फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' की सफलता के बाद एक नई बहस छिड़ गई है। सोशल मीडिया पर यूजर्स देशभर की अलग-अलग कई घटनाओं का जिक्र कर रहे हैं कि उन मुद्दों पर भी फिल्में बननी चाहिए।

इसी बीच मशहूर फिल्ममेकर विपुल अमृतलाल शाह ने अपनी आने वाली फिल्म 'द केरल स्टोरी' का ऐलान कर दिया है।

टीजर के साथ बताया गया है कि फिल्म उन 32 हजार लड़कियों के गायब होने की कहानी पर आधारित है, जो वापस कभी अपने घर नहीं लौट पाईं। मेकर्स ने यूट्यूब पर 1 मिनट 10 सेकेंड का टीजर रिलीज किया है।




### महिलाओं की तस्करी पर फिल्म

वीडियो की शुरुआत डिजिटल टाइमिंग से शुरू होती और रात के 12 बजने वाला होता है। आगे टेक्स्ट लिखा हुआ आता है, 'अगर आपकी बेटी आधी रात तक वापस घर ना लौटे तो आप कैसा महसूस करेंगे? केरल में हजारों लड़कियां गायब हो गईं और बीते 12 साल में वो कभी घर नहीं लौटीं।'

### कहानी क्या है?

टीजर में आगे केरल के पूर्व मुख्यमंत्री वीएस अचुतानंदन का एक बयान दिखाया जाता है। वह 2006-11 तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। उनका यह बयान 24 जुलाई 2010 का बताया गया है। वह कहते हैं, 'पॉपुलर फ्रंट प्रतिबंधित संगठन एनडीएफ के एजेंडे की तरह केरल को एक मुस्लिम राज्य बनाने की कोशिशों में जुटा है। उनकी योजना है कि आने वाले 20 सालों में केरल को मुस्लिम राज्य बना दिया जाए।' आगे वीडियो में लिखा हुआ आता है कि 'आईएसआईएस और दूसरे इस्लामिक युद्ध क्षेत्रों में बीते 10 सालों में हजारों लड़कियों की तस्करी हुई है। इसके बात फिल्म का नाम 'द केरल स्टोरी' आता है।

### यूजर्स के कमेंट्स

फिल्म का टीजर देखने के साथ यूजर्स इसकी तुलना 'द कश्मीर फाइल्स' से करने लगे। यूट्यूब के कमेंट सेक्शन में एक यूजर ने कहा, 'वाओ एक और कश्मीर फाइल्स।' एक अन्य ने कहा, 'अब केरल फाइल्स।' एक यूजर ने लिखा, 'इसे बड़े स्तर पर बनाइए।' फिल्म को विपुल अमृतलाल शाह प्रोड्यूस करेंगे और इसे सुदीप्तो सेन निर्देशित करेंगे।

# सेल्फी में नुसरत भरूचा और डायना पेंटी के साथ काम करेंगे अक्षय कुमार








मुंबई। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार फिल्म सेल्फी में नुसरत भरूचा और डायना पेंटी के साथ काम करते नजर आयेंगे। अक्षय कुमार फिल्म सेल्फी में इमरान हाशमी के साथ मुख्य भूमिका में हैं। अक्षय ने नुसरत भरुचा और डायना पेंटी का अपनी टीम में जुड़ने पर स्वागत किया है। फिल्म सेल्फी से नुसरत भरूचा और डायना पेंटी के जुडने की जानकारी अक्षय ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो शेयर कर दी है। वीडियो में देखा जा सकता है कि, चार लोग एक कार में बैठे हुए हैं और अपने हाथों में एक फाइल पकड़े हुए हैं, जिस पर फिल्म का नाम लिखा हुआ दिख रहा है। साथ ही फिल्म के टाइटल सॉन्ग सेल्फी लोगें पर मस्ती भरा डांस करते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो को अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर कर अक्षय कुमार ने लिखा, नुसरत भरूचा के साथ डायना पेंटी सेल्फी में शामिल हो गई हैं। अब सेल्फी स्क्वॉड पूरी तरह से तैयार है, क्या कहते हो इमरान हाशमी, हो जाए मुकाबला?

गौरतलब है कि राज मेहता के निर्देशन में बनने वाली सेल्फी वर्ष 2019 में रिलीज हुई मलयालम फिल्म ड्राइविंग लाइसेंस का आधिकारिक रीमेक है। इस सुपरहिट फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन ने एक सुपरस्टार की भूमिका निभाई है, वहीं सूरज वेंजारामूडु ने मोटर व्हिकल इंस्पेक्टर का किरदार निभाया है। जो सुपरस्टार का बहुत बड़ा फैन होता है।

# गंस एंड गुलाब्स से राजकुमार राव का फर्स्ट लुक रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आने वाली वेबसीरीज गंस एंड गुलाब्स से राजकुमार राव का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है।

निर्देशक जोड़ी राज एंड डीके (राज निदिमोरु और कृष्णा डीके) नेटफ्लिक्स के लिए क्राइम-रोमांटिक ड्रामा गंस एंड गुलाब्स लेकर आ रहे हैं। इस वेब सीरीज में राजकुमार राव मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। नेटफ्लिक्स ने राजकुमार का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया है। गंस एंड गुलाब्स की कहानी नब्बे के दौर में दिखायी जाएगी। राजकुमार के लुक में भी उसी दौर की झलक मिलती है। राजकुमार का लुक काफी दिलचस्प है।बताया जा रहा है कि गंस एंड गुलाब्स का लेखन राज एंड डीके के साथ सुमन कुमार और सुमित अरोड़ा कर रहे हैं। इस सीरीज में दुल्कर सलमान और आदर्श गौरव भी मुख्य स्टार कास्ट का हिस्सा हैं। दुल्कर का यह ओटीटी डेब्यू है। सीरीज इसी साल रिलीज की जाएगी।

# तापसी पन्नू की 'शाबाश मिठू' का टीजर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू की आने वाली फिल्म शाबाश मिठू का टीजर रिलीज हो गया है।

तापसी पन्नू की अपकमिंग फिल्म शाबाश मिठू का टीजर रिलीज हो गया है। यह फिल्म भारतीय क्रिकेटर मिताली राज के जीवन पर आधारित है।

तापसी पन्नू ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर लिखा, इस जेंटलमैन गेम में वो इतिहास लिखने में परेशान नहीं हुई, इसकी बजाए उसने अपनी ही कहानी रच दी।




गौरतलब है कि फिल्म 'शाबाश मिट्ठू' में तापसी, मिताली राज का मुख्य किरदार निभा रही हैं। इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म का निर्माण वायकॉम 18 स्टूडियोज के बैनर तले किया गया है।

# हार्ट पेशेंट्स को भूलकर भी नहीं करने चाहिए ये योगासन, हो सकता है भारी नुकसान

प्रिया मिश्रा

**संतुलित आहार और अच्छी जीवनशैली अपनाकर आप अपने दिल को स्वस्थ रख सकते हैं। नियमित रूप से योग करना दिल की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। लेकिन कई ऐसे योगासन हैं जिनसे दिल पर अधिक दबाव पड़ता है और इस वजह से दिल के मरीजों के लिए जोखिम बढ़ सकता है।**



हमारा दिल हमारे शरीर का सबसे अहम अंग है। दिल का काम शरीर के सभी अंगों तक रक्त पहुँचाना है। ऐसे में दिल का सही से काम करना बहुत जरुरी है। आज के समय में बड़ी संख्या में दिल संबंधी रोगों से पीड़ित हैं। बदलती जीवनशैली और खानपान की गलत आदतों की वजह से दिल संबंधी रोगों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में संतुलित आहार और अच्छी जीवनशैली अपनाकर आप अपने दिल को स्वस्थ रख सकते हैं। नियमित रूप से योग करना दिल की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। लेकिन कई ऐसे योगासन हैं जिनसे दिल पर अधिक दबाव पड़ता है और इस वजह से दिल के मरीजों के लिए जोखिम बढ़ सकता है। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि ऐसे कौन से आसान हैं जो दिल के मरीजों को नहीं करने चाहिए -

### चक्रासन

इस आसान को करने के लिए बहुत अधिक ताकत और उचित श्वास पैटर्न की आवश्यकता होती है। यह आपके दिल पर तेजी से रक्त पंप करने के लिए दबाव डालता है। यही कारण है कि दिल के मरीजों को चक्रासन करने से बचना चाहिए।

### हलासन

हलासन में हल की मुद्रा में आपको पीठ के बल लेटने, अपने पैरों को उठाने और उन्हें अपने सिर के पीछे रखने की आवश्यकता होती है। इस स्थिति में गुरुत्वाकर्षण के खिलाफ रक्त को प्रसारित करने के लिए आपके दिल पर दबाव पड़ता है। यह दिल की ओर रक्त की मात्रा भी बढ़ा सकता है, जिससे दिल के मरीजों के लिए जोखिम बढ़ सकता है।

### सर्वांगासन

दिल के मरीजों को सर्वांगासन करने से पूरी तरह से बचा जाना चाहिए। इस आसान में आपको अपने कंधों पर खड़े होकर, अपने ऊपरी शरीर पर पूरी तरह से दबाव डालना होता है। जब आप यह आसान करते हैं तो आपके हृदय को रक्त परिसंचरण के लिए गुरुत्वाकर्षण के खिलाफ काम करना पड़ता है। जिससे दिल पर अधिक दबाव पड़ता है।

### सिरहसाना

सर्वांगासन के समान, सिरहसाना एक उलटा स्थिति है। इस आसाम में हाथों और सिर को फर्श से छूते हुए शरीर को सीधा रखा जाता है। इस मुद्रा में आपके पैर, सिर के ऊपर होते हैं और इसलिए निचले शरीर में रक्त को पंप करने के लिए हृदय द्वारा अधिक दबाव डाला जाता है। यही वजह है कि दिल के मरीजों को यह आसान नहीं करना चाहिए।

### विपरीत करणी

इस आसान में आपको अपनी पीठ के बल लेटकर अपने हाथों के सहारे की सहायता से अपने कूल्हों को उठाने की आवश्यकता होती है। यह मुद्रा आपके शरीर में रक्त संचार के लिए आपके शरीर के निचले हिस्से में खिंचाव पैदा करती है। इससे ब्लड प्रेशर तेजी से बढ़ सकता है इसलिए दिल के मरीजों को यह आसन करने से बचना चाहिए।

# रोजाना जरूर खाएं एक आँवला, मिलेंगे ये गजब के फायदे, पढ़कर रह जाएंगे दंग

प्रिया मिश्रा

**आंवले में विटामिन सी, आयरन, कैल्शियम और फास्फोरस जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। आंवला हमारी सेहत के साथ-साथ हमारी त्वचा और बालों के लिए भी टॉनिक का काम करता है।आंवले का सेवन करने से कई बीमारियों से बचाव होता है और हमारी त्वचा और बाल भी हेल्दी रहते हैं।**



आंवले का मुरब्बा, अचार और चटनी अमूमन हर घर में बनाया जाता है। आंवला कई औषधीय गुणों की खान है और यही वजह है कि हमारी दादी-नानी हमें बचपन से किसी न किसी रूप में आंवला खिलाती आई हैं। आंवले में विटामिन सी, आयरन, कैल्शियम और फास्फोरस जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। आंवला हमारी सेहत के साथ-साथ हमारी त्वचा और बालों के लिए भी टॉनिक का काम करता है। नियमित रूप से आंवले का सेवन करने से कई बीमारियों से बचाव होता है और हमारी त्वचा और बाल भी हेल्दी रहते हैं। आज के इस लेख में हम आपको आंवले के कुछ चमत्कारी फायदे बताने जा रहे हैं -

डायबिटीज के मरीजों के लिए भी आंवला बहुत फायदेमंद माना जाता है। आंवले में क्रोमियम नामक तत्व मौजूद होता है जो ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है।

आंवले में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो शरीर में जमा हानिकारक पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करते हैं। इससे चेहरे पर मुहांसों की समस्या दूर होती है और चेहरे पर प्राकृतिक निखार आता है।

जिन लोगों को पेट की परेशानी होती है उनके लिए आंवला रामबाण की तरह काम करता है। आंवले में मौजूद फाइबर पाचन शक्ति को मजबूत बनाता है, जिससे पाचन संबंधी परेशानियों से छुटकारा मिलता है। रोजाना एक आंवले के सेवन से कब्ज, गैस और अपच जैसी पेट की बीमारियां दूर होती हैं।

आंवला हमारे बालों के लिए भी टॉनिक की तरह काम करता है। आंवले के सेवन से बाल मजबूत और घने बनते हैं। आंवले के नियमित इस्तेमाल से बालों में रूसी से लेकर बाल झड़ने तक की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है

आंवले के सेवन से शरीर की इम्युनिटी मजबूत होती है। आंवला विटामिन सी का काफी अच्छा स्त्रोत है। रोजाना एक आंवले का सेवन करने से सर्दी-खांसी में राहत मिलती है और मौसमी बीमारियों से बचाव होता है।

आंखों की रोशनी बढ़ाने के लिए आंवला बहुत फायदेमंद माना जाता है। आंवले के नियमित सेवन से ना केवल आंखों की रोशनी बढ़ती है बल्कि मोतियाबिंद में भी यह रामबाण की तरह काम करता है। आंवले में पर्याप्त मात्रा में विटामिन ए पाया जाता है जो हमारी आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

जिन लोगों को दिल की बीमारी होती है उनके लिए आंवला रामबाण की तरह काम करता है। रोजाना एक आंवले का सेवन करने से खराब कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम होता है और दिल की बीमारियों से बचाव होता है।

वेट लॉस के लिए भी आंवला बहुत फायदेमंद माना जाता है। आंवले का सेवन करने से मेटाबॉलिज्म बढ़ता है जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है।

जोड़ों के दर्द के लिए भी आंवले का सेवन बहुत कारगर उपाय माना जाता है। आंवले में भरपूर मात्रा में कैल्शियम होता है जिससे हड्डियां मजबूत बनती हैं और अर्थराइटिस या जोड़ों के दर्द से आराम मिलता है।

# टूटते-झड़ते बालों की समस्या को दूर करने के लिए आजमाएं ये घरेलू उपाय, वर्षों से हो रहे हैं इस्तेमाल

प्रिया मिश्रा

**वैसे तो बाजार में कई एंटी-हेयरफॉल शैंपू मौजूद हैं। लेकिन इनमें मौजूद केमिकल्स से बालों को लंबे समय में नुकसान होता है। ऐसे में आप झड़ते बालों की समस्या को दूर करने के लिए कुछ घरेलू नुस्खों की मदद ले सकते हैं। इन उपायों से आपके बालों के झड़ने की समस्या दूर होगी और ग्रोथ भी अच्छी होगी**

आजकल की बदलती जीवनशैली, खानपान की आदतों, बढ़ते प्रदूषण और धूल-मिट्टी के कारण बालों की तमाम समस्याएँ होने लगती हैं। आज के समय में हर कोई बालों की किसी ना किसी समस्या से जूझ रहा है। लेकिन बालों के झड़ने की समस्या से अधिकतर लोग परेशान हैं। वैसे तो बाजार में कई एंटी-हेयरफॉल शैंपू मौजूद हैं। लेकिन इनमें मौजूद केमिकल्स से बालों को लंबे समय में नुकसान होता है। ऐसे में आप झड़ते बालों की समस्या को दूर करने के लिए कुछ घरेलू नुस्खों की मदद ले सकते हैं। इन उपायों से आपके बालों के झड़ने की समस्या दूर होगी और ग्रोथ भी अच्छी होगी-

बालों के लिए नारियल का तेल बहुत फायदेमंद होता है। इससे बालों को पोषण मिलता है और बाल घने और मजबूत बनते हैं। अगर बालों के झड़ने से परेशान हैं तो नारियल के तेल से अपने सिर की मालिश करें।

बालों को झड़ने से रोकने के लिए शहद और अंडे की जर्दी के मिश्रण से सिर की मालिश करें। अंडे में प्रचुर मात्रा में प्रोटीन होता है, जिससे बालों को पोषण मिलता है। इससे बालों का झड़ना कम होता है और बाल घने और मजबूत बनते हैं।

झड़ते बालों की समस्या के लिए कपूर और नारियल के तेल का इस्तेमाल बहुत कारगर घरेलू नुस्खा है। नारियल के तेल में कपूर मिलाकर सिर की मालिश करने से टूटते-झड़ते बालों की समस्या दूर होती है।

बालों को साफ करने के लिए आंवला, शिकाकाई पाउडर में दही मिलकर एक मिश्रण तैयार कर लें। इस मिश्रण को लगाने से स्कैल्प के रोमछिद्रों में जमा गंदगी साफ होती है। इसके साथ ही यह बालों की ग्रोथ को बढ़ाने में भी मदद कर सकता है।

नींबू ना केवल बालों से रूसी को दूर करने में मदद करता है। बल्कि यह बालों की ग्रोथ बढ़ाने में भी बहुत फायदेमंद है। झड़ते बालों की समस्या से छुटकारा पाना के लिए बालों को नींबू के रस से धोएं।

बालों का झड़ना रोकने के लिए दही, नींबू और सरसों के तेल को मिलाकर इस पेस्ट को अपने सिर पर लगाएं। 30 मिनट के बाद धो लें।

इस पेस्ट के इस्तेमाल से आपको टूटते बालों और गंजेपन की समस्या से छुटकारा मिलेगा।

बालों की अच्छी ग्रोथ के लिए अधिक से अधिक प्रोटीन युक्त फूड्स जैसे मछली, सोयाबीन, अंडे और बीन्स आदि का सेवन करना चाहिए।

योग के जरिए भी आप टूटते-झड़ते बालों की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं। बालों के झड़ने से रोकने के लिए कुछ योगसा काफी फायदेमंद होते हैं। इससे सिर और स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाता है जिससे बालों की जड़ें मजबूत होती हैं। घने, लंबे और मजबूत बालों के लिए रोजाना शीर्षासन और सर्वांगासन जैसे आसन करें।

